RADIANT ACADEMY
(AFFILIATED TO CBSE)
B-180, sector-55, noida Ph: 120-4314312/ 6514636
Mob. : 9350251631/ 9674710772 E-mail: radiantacademynoida@yahoo.com
RADIANT ACADEMY
(J.H.S.) (AFFILIATED TO CBSE)
Sorkha, Sector- 115, noida on Fng Ph: 120- 6495106,
Mob. : 9873314814/ 9674710772 E-mail: radiantacademysorkha@yahoo.com
Let your child Explore the world with us in a Secure Environment!
We are a Co-Educational Medium Senior Secondary School imparting quality education since the last 20 years.
FROM ADMISSION OPEN NURSERY TO CLASS XI Transport Facility Available
FACILITIES AVAILABLE AT SCHOOL : ●Highly Qualified And Trained Faculty well Quipped Labs ●CCTV Controlled Environment ●Activity Based Learning ● Well Equipped Library ●GPS Enable Buses

आज की खबर आज ही
जनाकांक्षाओं का सजग प्रहरी
चेतना मंच

वर्ष : 27 | अंक : 151 | website:www.chetnamanch.com | नोएडा, बृहस्पतिवार, 22 मई, 2025 | Chetna Manch | Chetna Manch | मूल्य 2.00 रु. | पेज: 8

एटम बम की 'गीदड़ भभकी' से नहीं डरते : प्रधानमंत्री

पाकिस्तान पर पीएम मोदी का हमला | **पाकिस्तान सीधी लड़ाई नहीं जीत सकता** | **दुश्मनों ने सिंदूर को बारूद बनते देखा** | **आतंकियों व सरपरस्तों को एक मानेंगे** | **पाकिस्तान को आतंक की कीमत चुकानी पड़ेगी**

बीकानेर (एजेंसी)। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने बीकानेर में आतंकवाद व पाकिस्तान पर एक बार फिर जमकर प्रहार किया है। उन्होंने कहा कि आतंकियों ने धर्म पूछकर हमारी बहनों की मांग का सिंदूर उजाड़ दिया था। वो गोलियां पहलगाम में चली थी लेकिन उन गोलियों से 140 करोड़ देशवासियों का सीना छलनी हुआ था। इसके बाद हमने एकजुट होकर संकल्प लिया था कि आतंकियों को मिट्टी में मिला देंगे। उन्हें कल्पना से भी बड़ी सजा देंगे। आज आपके आशीर्वाद से देश की सेना के शौर्य से हम सब उस पर खरे उतरे हैं। प्रधानमंत्र ने कहा कि एटम बम की धमकी से भारत नहीं डरेगा।

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने आज ऑपरेशन सिंदूर के बाद पहली बार भारत-पाक सीमा पर स्थित बीकानेर से पाकिस्तान को ललकारा। प्रधानमंत्री ने आज 2600 करोड़ की परियोजनाओं का लोकार्पण व शिलान्यास किया। उन्होंने देश को 103 अमृत रेलवे स्टेशनों की भी सौगात दी जिनमें उत्तर प्रदेश के 19 अमृत स्टेशन भी शामिल हैं।

पीएम मोदी ने जनसभा को संबोधित करते हुए कहा कि हमारी सरकार ने सेना को खुली छूट दी और तीनों सेनाओं ने मिलकर ऐसा चक्रव्यूह रचा कि पाकिस्तान को घुटने टेकने के लिए मजबूर कर दिया। 22 तारीख के हमले के जवाब में हमने 22 मिनट में आतंकियों के नौ सबसे बड़े ठिकाने तबाह कर दिए।

उन्होंने कहा कि जो सिंदूर मिटाने निकले थे, उन्हें मिट्टी में मिला दिया। जो सोचते थे कि भारत चुप रहेगा, जो अपने हथियारों पर घमंड करते थे, आज वो मलबे के ढेर में दबे हुए हैं। मेरे प्यारे देशवासियों, ये शोध-प्रतिशोध का खेल नहीं, ये न्याय का नया स्वरूप है। ये ऑपरेशन सिंदूर है ये सिर्फ आक्रोश नहीं है।

पीएम मोदी ने कहा कि एटम बम की गीदड़ भभकियों से भारत डरने वाला नहीं है। हम आतंक के आकाओं और आतंकी सरपरस्त सरकार को अलग-अलग नहीं देखेंगे। उन्हें एक ही मानेंगे। पाकिस्तान का ये स्टेट और नॉन स्टेट एक्टर वाला खेल अब नहीं चलेगा। आपने देखा होगा, पूरी दुनिया में पाकिस्तान की पोल खोलने के लिए हमारे देश के सात अलग-अलग प्रतिनिधिमंडल विश्वभर में पहुंच रहे हैं। इसमें देश के समस्त राजनीतिक दलों के लोग हैं। अब पाकिस्तान का असली चेहरा पूरी दुनिया को दिखाया जाएगा। पाकिस्तान भारत से कभी सीधी लड़ाई जीत भी नहीं सकता। जब भी सीधी लड़ाई होती है, तो बार-बार पाकिस्तान को मुंह की खानी पड़ती है। इसलिए पाकिस्तान ने आतंकवाद को भारत के खिलाफ लड़ाई का हथियार बनाया है। आजादी के बाद पिछले कई दशकों से यही चला आ रहा है। पाकिस्तान आतंक फैलाता था, निर्दोष लोगों की हत्या करता था। भारत में डर का माहौल बनाता था लेकिन पाकिस्तान एक बात भूल गया। अब मां भारती का सेवक मोदी यहां सीना तानकर खड़ा है। मोदी का दिमाग ठंडा है, ठंडा रहता है लेकिन लहू गर्म रहता है।

अपनी सीमाएं लांघ रहा है ED : सुप्रीम कोर्ट

नई दिल्ली (एजेंसी)। तमिलनाडु में शराब की खुदरा बिक्री करने वाली कंपनी TASMAC के खिलाफ मनी लॉन्ड्रिंग जांच कर रही ईडी को सुप्रीम कोर्ट ने फटकार लगाई है। कोर्ट ने जांच पर रोक लगाते हुए कहा कि प्रवर्तन निदेशालय सभी सीमाएं लांघ रहा है।

शराब की दुकानों के लाइसेंस पर विवाद से जुड़े केस की सुनवाई करते हुए सुप्रीम कोर्ट ने छापेमारी को लेकर तमिलनाडु और तमिलनाडु राज्य विपणन निगम की याचिकाओं पर ईडी को नोटिस जारी किया। सुप्रीम कोर्ट ने कहा कि ईडी संघीय सिद्धांत का उल्लंघन कर रहा है। शीर्ष न्यायालय ने यह भी पूछा कि वह TASMAC पर छापामारी कैसे कर सकता है।

तमिलनाडु सरकार और तमिलनाडु राज्य विपणन निगम (टीएएसएमएसी) द्वारा दायर याचिकाओं पर ईडी को नोटिस जारी करते हुए मुख्य न्यायाधीश बी आर गवई और न्यायमूर्ति ऑगस्टीन जॉर्ज मसीह की पीठ ने ईडी की ओर से पेश अतिरिक्त सॉलिसिटर जनरल एस वी राजू से कहा कि आपका ईडी सभी सीमाएं लांघ रहा है। (शेष पृष्ठ-3 पर)

नोएडा के सीईओ ने सेक्टरों का किया दौरा

नोएडा (चेतना मंच)। नोएडा प्राधिकरण के मुख्य कार्यपालक अधिकारी (सीईओ) डॉ. लोकेश एम ने अपने मातहत अधिकारियों के साथ आज नोएडा के कई सेक्टरों का दौरा किया एवं व्यवस्थाओं का जायजा लिया। इस दौरान उन्होंने जगह-जगह लापरवाही पाए जाने पर मातहत अधिकारियों को कड़े निर्देश भी दिए। खबर लिखे जाने तक उनका दौरा चल रहा था।

नोएडा प्राधिकरण के सीईओ ने नोएडा के कई सेक्टरों का दौरा किया तथा विकास कार्यों का निरीक्षण किया। इस दौरान उपमहा प्रबंधक सिविल विजय रावल, वरिष्ठ प्रबंधक कपिल सिंह, प्रबंधक नेहा, अनिल तथा के अनिल समीर कई अधिकारी मौजूद थे।

उन्होंने सेक्टर-18 और 123 122 समेत कई सेक्टरों का निरीक्षण किया। मालूम हो कि कल आई भीषण आंधी के बाद जगह-जगह हुए नुकसान का भी उन्होंने आंकलन मौके पर किया तथा व्यवस्थाओं को जल्द सुधार के निदेश दिये।

नोएडा में आंधी ने बरपाया कहर

नानी के बाद नाती ने भी तोड़ा दम

ग्रेनो वेस्ट की ऐपेक्स गोल्फ व्यू सोसायटी का मेन गेट गिरा

ग्रेटर नोएडा (चेतना मंच)। ग्रेटर नोएडा के ओमिक्रोन-3 स्थित मिग्सन अल्टीमो सोसायटी में बुधवार रात तेज आंधी तूफान के दौरान एक फ्लैट की रेलिंग अचानक नीचे गिरने से उसकी चपेट में (50 वर्षीय) महिला के बाद उसके (दो वर्षीय) नाती की भी इलाज के दौरान मौत हो गई। परिवार में दो मौतों से सदमे में परिवार है।

पुलिस ने बताया कि मृतका सुनीता (50) अपने दामाद जितेंद्र के फ्लैट नंबर-603 मिगसन अल्टीमो ओमिक्रोन-3 में आई हुई थीं। बुधवार रात करीब आठ बजे तेज आंधी तूफान के समय सुनीता अपनी बेटी और दो वर्षीय नाती अदवित्य शोर्या के साथ सोसायटी परिसर में टहल रही थीं। उसी दौरान ऊपरी मंजिल से रेलिंग का जाल आकर उनके ऊपर गिर गया। रेलिंग गिरने की चपेट में आने से सुनीता का सिर धड़ से अलग हो गया।

इससे उनकी मौके पर ही मौत हो गई। घटना में नाती भी घायल हो गया। गंभीर रूप से घायल उनके दो वर्षीय नाती को तत्काल अस्पताल ले जाया गया था। जहां उपचार के दौरान उसने भी दम तोड़ दिया। सूरजपुर कोतवाली पुलिस का कहना है कि घटना की सूचना पुलिस को रात में 112 नंबर पर मिली थी। जिसके बाद कोतवाली पुलिस मौके पर पहुंची और जांच शुरू की। शवों का पंचायतनामा भरकर पोस्टमार्टम की कार्रवाई की जा रही है। परिजन तहरीर देंगे तो मामले की जांच कर आवश्यक कार्रवाई की जाएगी। मामले की गंभीरता से जांच की जा रही है। इस हादसे के बाद सोसायटी में रहने वाले लोगों में डर का माहौल है। निवासियों ने सुरक्षा मानकों और भवन निर्माण की गुणवत्ता को लेकर सवाल उठाए हैं।



बुधवार रात आई तेज आंधी से ग्रेनो वेस्ट की सुपरटेक इको विलेज-2 सोसायटी से एक फ्लैट की बालकनी का गेट और खिड़की टूट गई। वहीं गेनो वेस्ट की ऐपेक्स गोल्फ व्यू सोसायटी का मेन गेट भी टूट गया।

काँग्रेस प्रदेश सचिव पुरुषोत्तम नागर को दी अहम जिम्मेदारी

नोएडा (चेतना मंच)। बिशनपुरा गांव के निवासी कांग्रेस प्रदेश सचिव पुरुषोत्तम नागर को उत्तर प्रदेश काँग्रेस कमेटी के निर्देश पर संगठन सृजन अभियान में हापुड़ महानगर में कोआर्डिनेटर बनाया गया है। पुरुषोत्तम नागर ने कहा कि बूथों तक पार्टी को लेकर जाएंगे तथा पार्टी द्वारा दी गई जिम्मेदारी का निर्वाह पूरी निष्ठा के साथ किया जाएगा। पुरुषोत्तम नागर ने महानगर हापुड़ कॉंग्रेस का कोआर्डिनेटर नियुक्त किए जाने पर नेता प्रियंका गांधी, राष्ट्रीय महासचिव अविनाश पांडे, प्रदेश अध्यक्ष अजय राय, राष्ट्रीय सचिव धीरज गुर्जर, राष्ट्रीय सचिव विदित चौधरी, राष्ट्रीय सचिव प्रदीप नरवाल का आभार प्रकट किया है।

ट्रैफिक पुलिस ने संभाला मोर्चा, टूटे पेड़ व पोल हटवाये, ट्रैफिक किया सुचारू

नोएडा (चेतना मंच)। बुधवार देर रात आई तेज आँधी और बारिश ने नोएडा व ग्रेटर नोएडा में भारी नुकसान किया है। आंधी तूफान से हुए हादसे में 3 लोगों की जान चली गई है। वहीं जनजीवन अस्त-व्यस्त कर दिया है। आँधी की जद में आने से शहर के विभिन्न हिस्सों में पेड़ और बिजली के खंभे (पॉल) गिर गए, जिससे यातायात व्यवस्था बुरी तरह प्रभावित हुआ। डीसीपी ट्रैफिक लखन सिंह यादव ने बृहस्पतिवार सुबह खुद मोर्चा संभाल लिया। रातभर ट्रैफिक पुलिस सड़कों से टूटे हुए पेड़ हटवाती रही। आज सुबह ट्रैफिक व्यवस्था सुचारू हो पाई।

नोएडा ट्रैफिक पुलिस ने तत्काल कार्रवाई करते हुए मोर्चा संभाला और युद्धस्तर पर गिरे हुए पेड़ों व पॉल को हटाने का काम शुरू किया, जिससे धीरे-धीरे स्थिति सामान्य होने लगी। गुरुवार की सुबह जब शहरवासियों ने अपने घरों से निकलना शुरू किया, तो उन्हें जगह-जगह अवरुद्ध सड़कों का सामना करना पड़ा। नोएडा के सेक्टर 18, 15, 37, 62, 50, 121 पर्थला ब्रिज, बरौला, और एक्सप्रेस-वे पर कई जगहों पर बड़े पेड़ सड़कों पर आ गिरे थे। इसके अलावा, कई बिजली के खंभे भी टूटकर या झुककर सड़कों पर आ गए, जिससे वाहनों की आवाजाही पूरी तरह ठप हो गई। सुबह के व्यस्त समय में लोगों को दफ्तर पहुँचने में भारी मशक्कत करनी पड़ी और कई किलोमीटर लंबा जाम लग गया। स्थिति की गंभीरता को देखते हुए, नोएडा ट्रैफिक पुलिस ने त्वरित प्रतिक्रिया दी। ट्रैफिक पुलिस के जवान सुबह से ही विभिन्न प्रभावित स्थानों पर तैनात हो गए।

उन्होंने सबसे पहले फंसे हुए वाहनों को निकालने और यातायात को वैकल्पिक रास्तों पर मोड़ने का काम शुरू किया। इसके साथ ही, नोएडा प्राधिकरण और बिजली विभाग के साथ समन्वय स्थापित करते हुए, ट्रैफिक पुलिस ने गिरे हुए पेड़ों और पॉल को हटाने का अभियान शुरू किया। ट्रैफिक पुलिसकर्मियों को हाथों में आरी और रस्सियों के साथ खुद भी पेड़ों की टहनियों को काटते और हटाते देखा गया। क्रेन और जेसीबी मशीनों को तत्काल घटनास्थल पर (शेष पृष्ठ-3 पर)

सीबीआई ने प्राधिकरण से तलब किया 9 बिल्डर्स का ब्यौरा

बिल्डरों व बैंकों की सांठगांठ के तार सुलझा रही है सीबीआई

नोएडा (चेतना मंच)। सीबीआई की टीम ने नोएडा प्राधिकरण से सबवेंशन स्कीम घोटाले में नौ बिल्डिरों की विस्तृत जानकारी तलब की है। इन बिल्डरों ने ही बैंकों के साथ मिलकर बायर्स को लोन दिलाया और पैसा अन्य योजनाओं में डायवर्ट किया। न तो बैंक में किस्त जमा की और न ही ब्याज जमा किया।

मालूम हो कि सुप्रीम कोर्ट के आदेश पर सीबीआई बिल्डरों और बैंकों के गठजोड़ की जांच कर रही है। कोर्ट ने 29 अप्रैल को सीबीआई जांच का आदेश देते हुए प्राधिकरणों को कहा था कि वह सीबीआई को जानकारी उपलब्ध कराने के लिए अपने यहां नोडल अधिकारी की नियुक्ति करे। कोर्ट के आदेश आने के बाद नोएडा प्राधिकरण ने अकाउंट अधिकारी संजीव दत्ता को नोडल अधिकारी नियुक्त किया था।

सीबीआई ने सुपरटेक लिमिटेड जीएच01/ए सेक्टर-74 नोएडा, लॉजिक्स सिटी डवलपर्स प्राइवेट लिमिटेड जीएच-02 सेक्टर-143 , नैसजेन इंफ्राकॉन प्राइवेट लिमिटेड जीएच 01/ए सेक्टर-78, इम्प्लेक्स इंफ्रास्ट्रक्चर प्राइवेट लिमिटेड एससी01/बी-4 सेक्टर-150 , आईवीआर प्राइम डवलपर्स जीएच-01 सेक्टर-118,

जेपी ग्रीन इंफाटेक लिमिटेड, जेपी ग्रीन्स ऑचर्ड बी-11 सेक्टर-131 , शुभकामना बिल्डटैक प्राइवेट लिमिटेड जीएच-05 /बी सेक्टर-137, सिक्कल बिल्डकॉन प्राइवेट लिमिटेड एससी-01/ए-1 सेक्टर-79, लॉजिक्स हाइटस प्राइवेट लिमिटेड एससी-01/ए-3 सेक्टर-150,के मामले में जानकारी तलब की है।

इन नौ बिल्डर और प्रोजेक्ट से संबंधित स्वीकृत पत्र, ले आउट प्लान, बकाया, रजिस्ट्री के अलावा इनके को डेवलपर्स की जानकारी भी मांगी गई है। जिसे प्राधिकरण फाइल के रुप में सीबीआई को दे रहा है। बता दें कि इससे पहले प्राधिकरण स्पोर्टस सिटी से संबंधित सभी प्रकार की फाइलिंग जानकारी सीबीआई को दे चुका है।

नोएडा, ग्रेटर नोएडा में सब वेंशन स्कीम के तहत लाई गई ग्रुप हाउसिंग योजनाओं की शुरुआत वर्ष 2014 के आसपास हुई थी। योजना में धांधली के लिए कुछ बिल्डरों ने फर्जी दस्तावेजों के जरिए बैंकों से लोन पास कराए। बैंकों ने बिना मूल्यांकन और निरीक्षण के रकम जारी कर दी। अधिकारियों के अनुसार, बिल्डर और बैंक के बीच अघोषित समझौते के तहत बैंकों ने बिल्डरों को लोन की पूरी राशि दे दी।

शर्तों के तहत फ्लैट का कब्जा मिलने तक बिल्डर को ही (शेष पृष्ठ-3 पर)

सेक्टर-145 मेट्रो स्टेशन को दिए नेमिंग राइट्स

एनएमआरसी की 44वीं बोर्ड बैठक सम्पन्न, बजट पास

नोएडा (चेतना मंच)। नोएडा मेट्रो रेल कॉर्पोरेशन लिमिटेड (एनएमआरसी) की 44वीं बोर्ड बैठक हुई। बैठक की अध्यक्षता एनएमआरसी के चैयरमैन जयदीप ने की। इस दौरान एनएमआरसी के प्रबंध निदेशक डॉ. लोकेश एम के साथ अन्य अधिकारी मौजूद रहे।

बैठक में कई अहम निर्णय लिए गए। इसमें एनएमआरसी का 2025-26 का वार्षिक बजट पास किया। साथ ही सेक्टर-145 मेट्रो स्टेशन के लिए नेमिंग राइट्स दिए गए। इस मौके पर वित्तीय वर्ष 24-25 की इंटरनल ऑडिट रिपोर्ट को अप्रूव किया गया। साथ ही सीएजी के जरिए अगस्त 2023 से नवंबर 2024 तक किए गए ऑडिट पर फाइनल कमेंट मांगे गए। इंटरनल ऑडिटर के एपाइंटमेंट को मंजूरी दी गई। इसके अलावा एनएमआरसी की तीनों प्रोजेक्ट को लेकर विस्तार से चर्चा की गई। उम्मीद जताई गई कि बोटेनिकल गार्डन से सेक्टर-142 और ग्रेटर नोएडा डिपो से बोडाकी तक जल्द ही अप्रूवल मिल सकता है। इसको लेकर एक फाइनल प्रेजेंटेशन तैयार किया जा रहा है।

अभिव्यक्ति का सम्मान

किसी भी लोकतंत्र की खूबसूरती इस बात में है कि वहां सभी तरह की वैचारिक अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता का सम्मान किया जाए। बशर्ते अभिव्यक्ति समाज में विभाजन की कारक और राष्ट्र के हितों के विरुद्ध न हो। हरियाणा में अशोका विश्वविद्यालय के एसोसिएट प्रोफेसर अली खान महमूदाबाद की सोशल मीडिया पोस्ट पर उठे विवाद के बाद की गई गिरफ्तारी ने कई सवालों को जन्म दिया है। दरअसल, प्रोफेसर अली खान ने 'ऑपरेशन सिंदूर' के कुछ पहलुओं को लेकर सवाल उठाए थे। यह घटनाक्रम हमें याद दिलाता है कि देश में असहमति के विचारों को कैसे देश के विरुद्ध दर्शाया जा रहा है। हरियाणा पुलिस ने अपनी कार्रवाई के पक्ष में दलील दी है कि प्रोफेसर की टिप्पणी भारत की एकता को खतरे में डालने वाली है। निस्संदेह, यह घटना विचार और स्वतंत्र अभिव्यक्ति को संदिग्ध रूप में दर्शाने का उपक्रम नजर आता है। यह स्पष्ट है कि प्रोफेसर महमूदाबाद की आवाज कोई सतही टिप्पणी नहीं है। वे एक सम्मानित अकादमिक और सार्वजनिक विमर्श में सक्रिय रहने वाले बुद्धिजीवी हैं। जिन्हें भारत के सामाजिक और राजनीतिक ताने-बाने के साथ विचारशील जुड़ाव के लिये जाना जाता है। उनकी टिप्पणी भले ही कितनी भी आलोचनात्मक क्यों न हो, उसे राष्ट्रीय एकता के लिये खतरे के रूप में चित्रित करना एक अतिशयोक्ति ही कही जाएगी। निश्चित रूप से इस मामले में पुलिस की कार्रवाई एक ऐसी अस्वीकार्य मिसाल है, जो कालांतर लोकतंत्र में अभिव्यक्ति की आजादी का अतिक्रमण ही करती है। प्राचीन काल से ही हमारे विश्वविद्यालय रचनात्मक बहस के लिये उपयुक्त स्थान के रूप में जाने जाते रहे हैं। जहां राज्य की निगरानी के जरिये हस्तक्षेप की गुंजाइश नहीं होती थी। सवाल इस घटनाक्रम के समय व संदर्भ को लेकर भी उठाए जा रहे हैं। निश्चित रूप से 'ऑपरेशन सिंदूर', एक ऐसा सैन्य अभियान था, जिसे व्यापक सार्वजनिक जनसमर्थन और मीडिया कवरेज मिली। सही मायने में एक परिपक्व लोकतंत्र में किसी भी आलोचना को सहज भाव से लिया जाना चाहिए। निस्संदेह, स्वतंत्र वैचारिक अभिव्यक्ति पर सवाल खड़े करना और उसे दंडात्मक कार्रवाई के जरिये दबाने का प्रयास अस्वीकार्य ही है। यह तथ्य किसी से छिपा नहीं है कि अकादमिक स्वतंत्रता और अभिव्यक्ति की आजादी किसी सत्ताधारी व्यवस्था की मर्जी से दिए गए विशेषाधिकार नहीं है, ये संवैधानिक गारंटी हैं। यह सुखद ही है कि देश की सर्वोच्च अदालत ने प्रोफेसर महमूदाबाद की याचिका पर सुनवाई करने के लिये सहमति दे दी है। जो इस मामले में एक उम्मीद की किरण कही जा सकती है। लेकिन सार्वजनिक जीवन में अपमान के बाद राहत के लिये कानून प्रवर्तन एजेंसियों से जूझना व्यक्ति के लिये कष्टदायक ही है। यह सही समय है कि हमारी संस्थाएं देशभक्ति को अंध आज्ञाकारिता के रूप में परिभाषित न करें। सही मायनों में सच्ची देशभक्ति सवाल करने, विचार करने और यहां तक कि असहमति जताने की क्षमता में निहित है। जिसको लेकर सलाखों के पीछे डालने का भय नहीं होना चाहिए। सही मायनों में एक ट्वीट पर एक प्रोफेसर की गिरफ्तारी राष्ट्रीय सुरक्षा की रक्षा नहीं करती बल्कि यह केवल राष्ट्रीय असुरक्षा को ही उजागर करती है। यही वजह है कि देश की कई चर्चित हस्तियों व राजनेताओं ने प्रोफेसर अली के समर्थन में आवाज उठाई है। उन्होंने उन आक्षेपों को खारिज किया है जिनमें उनकी पोस्ट को महिला विरोधी और धार्मिक द्वेष फैलाने वाला बताया गया। उन्होंने सवाल उठाये हैं कि उनकी टिप्पणी कैसे देश की एकता, अखंडता और संप्रभुता के लिये चुनौती है। वे मानते हैं कि पहले मध्य प्रदेश के उस मंत्री के खिलाफ कार्रवाई होनी चाहिए थी, जिसने वास्तव में कर्नल सोफिया के विरुद्ध नकारात्मक टिप्पणी की थी। उनके खिलाफ कानूनी कार्रवाई न होना कई सवालों को जन्म देता है। लेखक व कुछ प्रोफेसर हरियाणा पुलिस की तत्काल कार्रवाई पर भी सवाल उठा रहे हैं। कुछ बुद्धिजीवियों का मानना है कि असली लोकतंत्र वही होता है जहां स्वतंत्र अभिव्यक्ति के रास्ते बंद नहीं होते। बुद्धिजीवी, शिक्षा व लेखक बिरादरी के लोग अशोका यूनिवर्सिटी से आग्रह कर रहे हैं कि वह अपने प्रोफेसर को संबल दे।

रामचरित मानस

कल के अंक में आपने पढ़ा था कि हे तात! तुम्हारा स्वाभाविक सीधापन (सरलता), प्रेम, विश्वास और नीति में निपुणता देखकर मेरे मन में तुम्हारे ऊपर बड़ी ममता उत्पन्न हो गई है, इसीलिए मैं तुम्हारे पूछने पर अपनी कथा कहता हूँ॥ उससे आगे का वर्णन क्रमानुसार प्रस्तुत है।

अब प्रसन्न मैं संसय नाहीं। मागु जो भूप भाव मन माहीं॥
सुनि सुबचन भूपति हरषाना। गहि पद बिनय कीन्हि बिधि नाना॥

अब मैं प्रसन्न हूँ, इसमें संदेह न करना। हे राजन! जो मन को भावे वही माँग लो। सुंदर (प्रिय) वचन सुनकर राजा हर्षित हो गया और (मुनि के) पैर पकड़कर उसने बहुत प्रकार से विनती की॥

कृपासिंधु मुनि दरसन तोरें। चारि पदारथ करतल मोरें॥
प्रभुहि तथापि प्रसन्न बिलोकी। मागि अगम बर होउँ असोकी॥

हे दयासागर मुनि! आपके दर्शन से ही चारों पदार्थ (अर्थ, धर्म, काम और मोक्ष) मेरी मुट्ठी में आ गए। तो भी स्वामी को प्रसन्न देखकर मैं यह दुर्लभ वर माँगकर (क्यों न) शोकरहित हो जाऊँ॥

दो0-जरा मरन दुख रहित तनु समर जितै जनि कोउ।
एकछत्र रिपुहीन महि राज कलप सत होउ॥

मेरा शरीर वृद्धावस्था, मृत्यु और दु:ख से रहित हो जाए, मुझे युद्ध में कोई जीत न सके और पृथ्वी पर मेरा सौ कल्पतक एकछत्र अकण्टक राज्य हो॥

(क्रमश:...)

भीतर के दुश्मनों के खिलाफ सख्ती-चौंकसी बढ़ानी होगी

पाकिस्तान भारत के अनेक लालची, शानोशौकत के आकांक्षी, देशद्रोही एवं देश के दुश्मन लोगों का इस्तेमाल भारत के खिलाफ प्रचार और जासूसी गतिविधियों के लिए कर रहा था। ऐसे ही कुछ देश विरोधी तत्वों का पर्दाफाश होना चौंकाता भी है एवं चिन्ता में भी डालता है। ऐसे ही तत्वों में एक नाम है ज्योति मल्होत्रा, उस पर आरोप है कि वह न केवल सोशल मीडिया पर पाकिस्तान की सकारात्मक छवि पेश कर रही थी, बल्कि उसने पाक खुफिया एजेंसी के एजेंटों से भारत से जुड़ी संवेदनशील जानकारियां भी साझा कर रही थीं, जिनमें ऑपरेशन सिंदूर से जुड़ी गोपनीय जानकारियां भी थीं। वह एक खुफिया एजेंट के रूप में सीमा पार से चलाए जा रहे नेटवर्क का हिस्सा थी। देश की सुरक्षा एजेंसियों ने एक बार फिर साबित कर दिया है कि भारत की मिट्टी पर छिपे गद्दार कितनी भी चालाकी से छिप जाएं, वे कानून की नजरों से नहीं बच सकते। उम्मीद है कि पूछताछ में ऐसे सबूत मिल सकते हैं जो भारत के खिलाफ बड़ी साजिशों का खुलासा कर सके। 'ऑपरेशन 'सिंदूर' ने न सिर्फ सरहद पार बैठे दुश्मनों की नींद हराम कर दी है, बल्कि देश के भीतर बैठे गुप्त गद्दारों की भी कमर तोड़ दी है। हाल ही में लगातार ऐसे अनेक राष्ट्र-विरोधी जासूसों की गिरफ्तारी ने जता दिया कि भारत हर मोर्चे पर देश की सुरक्षा एवं संरक्षा के लिये प्रतिबद्ध है। ये गिरफ्तारियां अनेक दृष्टियों से महत्वपूर्ण एवं यह भी पाक की एक करारी हार ही है।

पाक के लिए जासूसी करने के आरोप में हरियाणा के हिसार की यूट्यूबर और ट्रैवल ब्लॉगर ज्योति मल्होत्रा समेत छह लोगों की खुफिया एजेंसियों से मिली जानकारी के आधार पर की गयी गिरफ्तारी भारत की सतर्कता एवं सावधानी को तो दर्शाती ही है, इससे यह भी स्पष्ट होता है कि इस चुनौती भरे समय में भीतर के दुश्मनों की शिनाख्त एवं उनकी धडपकड़ कितनी जरूरी है। 'ट्रैवल विद जो' नाम से यू-ट्यूब चैनल चलाने वाली ज्योति पर आरोप है कि वह पाक के कई उच्च अधिकारियों के संपर्क में थी और भारत से जुड़ी गुप्त सूचनाएं पाक तक पहुंचाती थी। पता यह भी चला है कि पाक यात्रा के दौरान उसकी मुलाकात पाक उच्चायोग के एक कर्मचारी दानिश से हुई, जिसके माध्यम से उसकी पहचान आइएसआइ के एजेंटों से हुई। ज्योति इन एजेंटों के साथ व्हाट्सएप, टेलीग्राम और स्नैपचौट के जरिये संपर्क में थी। कहते हैं कि उसने एक पाक खुफिया अधिकारी के साथ गहरे संबंध बनाये और उसके साथ बाली भी गयी थी। ज्योति एवं उसके सहयोगी बेखौफ भारत की अति-संवेदनशील एवं गोपनीय सूचनाओं को पाक से साझा करते हुए देश को नुकसान पहुंचा रहे थे। ये सभी आम नागरिकों की तरह जिंदगी जी रहे थे, लेकिन इनके इरादे राष्ट्रविरोधी थे। देश की कीमत पर सारे राष्ट्र-मूल्यों एवं निष्ठाओं को ताक पर रखकर धनार्जन की

भारत विरोधी शक्तियों के हाथ में खेलकर देश को मुश्किल में डालने का यह कृत्य परेशान एवं चिन्ता में डालने वाला है। बहुत संभव है कि जासूसी कांड में लिप्त ये भारतीय बड़े आर्थिक प्रलोभनों के लालच में पाक एजेंटों के जाल में फंसे हों।

लालसा और मौज-मस्ती का लक्ष्य घिनौना एवं अक्षम्य अपराध है। राष्ट्र को इन विस्फोटक विसंगतियों से बचाना होगा।

भारत विरोधी शक्तियों के हाथ में खेलकर देश को मुश्किल में डालने का यह कृत्य परेशान एवं चिन्ता में डालने वाला है। बहुत संभव है कि जासूसी कांड में लिप्त ये भारतीय बड़े आर्थिक प्रलोभनों के लालच में पाक एजेंटों के जाल में फंसे हों। लेकिन बड़ा प्रश्न है कि कैसे कुछ लोग पैसे व शानोशौकत के लालच में देश की सुरक्षा व लोगों का जीवन भी दांव पर लगा सकते हैं? देश के भीतर के ये दुश्मन बाहरी दुश्मनों से ज्यादा घातक एवं नुकसानदेय हैं। पाकिस्तानी जासूसी एजेंसी आईएसआई से ताल्लुक रखने पर पिछले दिनों हरियाणा, पंजाब व यूपी के इन लोगों की गिरफ्तारी ने कई चौंकाने वाले खुलासे किए हैं। लेकिन इनकी गहन जांच से और भी गंभीर खुलासे होने की संभावनाओं को नकारा नहीं जा सकता। ये एक गंभीर चुनौती है और हमारी कानून प्रवर्तन एजेंसियों और खुफिया संस्थाओं को अब इस चुनौती को गंभीरता से लेना होगा। इन लोगों के तार भीतर कहां-कहां जुड़े है, इसका पर्दाफाश होना ज्यादा जरूरी है। ये तत्व देश की राष्ट्रीय सुरक्षा के साथ ही सांप्रदायिक सद्भाव एवं आम-जनजीवन को भी खतरे में डाल सकते हैं।

यह बेहद दुर्भाग्यपूर्ण है कि हरियाणा की ज्योति कथित तौर पर हाल के ऑपरेशन सिंदूर के दौरान दिल्ली में पाकिस्तान उच्चायोग के एक कर्मचारी के संपर्क में थी, जिसे हाल ही में भारत विरोधी गतिविधियों के लिये देश से निकाला गया। इस मामले में चल रही जांच से पता चला है कि 22 अप्रैल को पहलगाम आतंकी हमले से पहले ज्योति कश्मीर गई और उससे पहले पाकिस्तान गई थी। एक से अधिक बार पाकिस्तान जा चुकी ज्योति पर खुफिया अधिकारियों की नजर तो थी ही, ज्योति के कई वीडियोज ने भी खुफिया एजेंसियों का ध्यान खींचा, चाहे वह नयी दिल्ली स्थित पाक दूतावास में इफ्तार की दावत का वीडियो हो, पिछले साल हुए विश्व कप में भारत-पाक मैच में दर्शकों की प्रतिक्रिया वाला वीडियो हो या कश्मीर घूमने आये लोगों पर बनाये गये वीडियो हों। विडंबना है कि पाकिस्तान भारत में अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता का गलत फायदा उठा रहा है। जांच एजेंसियों के मुताबिक, ज्योति को दुबई के एक कथित हैंडलर के माध्यम से भुगतान किया जाता था।

यह खुलासा केवल ज्योति तक सीमित मामला नहीं है, बल्कि इसके जरिये एक बड़े नेटवर्क का पर्दाफाश हुआ है उस पर पाक के खुफिया अधिकारियों को संवेदनशील जानकारी देने के आरोप हैं। यूपी के रहने वाले शहजाद और नौमान इलाही पर भी इसी तरह के आरोप हैं। पंजाब में मालेरकोटला के दो लोगों को भी जासूसी के आरोप में गिरफ्तार किया गया। जांच एजेंसियों को पता लगाना होगा कि क्या इन आरोपियों की सैन्य या रक्षा अभियानों से संबंधित जानकारी तक सीधी पहुंच थी या वे इसे उच्च पदस्थ स्रोतों से प्राप्त कर रहे थे? इन बातों का खुलासा होना सुरक्षा एवं सैन्य गोपनीयता की दृष्टि से ज्यादा जरूरी है। गिरफ्तार सभी अपराधियों को गंभीर पूछताछ के बाद कठोर सजा मिलनी चाहिए। दुश्मन चाहे देश के अंदर हो या बाहर उनके प्रति मोदी सरकार की जीरो टॉलरेंस की नीति निरंतर सख्ती के साथ कार्यरत रहनी ही चाहिए। सरकार और खुफिया एजेंसियां अब सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म्स पर सक्रिय संदिग्ध तत्वों की निगरानी और जांच को और तेज करने की दिशा में स्वाभाविक ही काम कर रही है। सरकार ने इन गिरफ्तारियों के बाद स्पष्ट संदेश दिया है कि राष्ट्र की सुरक्षा के साथ खिलवाड़ करने वालों को बख्शा नहीं जाएगा। ऑपरेशन सिंदूर के तहत अब तक देशभर में दर्जनों संदिग्धों को निगरानी में लिया गया है और जांच तेज़ है।

निश्चय ही यह राष्ट्र-विरोधी जासूसों का खुलासा पाक रचित राष्ट्रघाती खेल का छोटा हिस्सा है, पाक सीधा युद्ध की सामर्थ्य एवं ताकत नहीं रखता, इसलिये कभी वह आतंक का सहारा लेता है तो कभी पैसों का प्रलोभन देकर देश के लोगों को खरीदने की कुचेष्टा करता है। एक छलकपट वाले सूचना युद्ध के माध्यम से देश को नुकसान पहुंचाने की आईएसआई की साजिश को सख्ती से नाकाम किया जाए ताकि आने वाले समय में और बड़ी मछलियां इस दलदल में पकड़ी जा सकेंगी। पाक तो भारत का शत्रु है और वह सामने दिखाई दे रहा है, लेकिन देश के अंदर छिपे गद्दार भी भारत के शत्रु हैं। इस तरह के गद्दारों को चिन्हित करके उनके खिलाफ कड़ी से कड़ी कार्रवाई की जानी चाहिए। पाक का समर्थन करने वाले खालिस्तानी आतंकवादी हैं, कश्मीर में भी ऐसे लोग है जो पाक एवं उसके पोषित आतंवादियों का सहयोग एवं समर्थन करते हैं। ऐसे राष्ट्र-विरोधी लोगों एवं आतंकवादियों का सिर कुचलने का, यही सही समय है। केंद्र व राज्य सरकारों, मीडिया और जनता को मिलकर ऐसे तत्वों को बेनकाब करने में मदद करनी चाहिए। पुलिस को आधुनिक उपकरणों के साथ इस बाबत कुशल प्रशिक्षण देना चाहिए। बहरहाल, देश विरोधी तत्वों की निगरानी तेज करना वक्त की जरूरत है। ताकि देश मे छुपी इन काली भेड़ों एवं देश को दीमक की तरह खोखला कर रहे शत्रुताओं का नाश किया जा सके।

- ललित गर्ग
लेखक, पत्रकार, स्तंभकार

जय डोनाल्ड अभिमान गुण सागर (व्यंग्य)

अब रही मेरे गुरु होने की बात डोनाल्ड ट्रंप जी! तो मैं पिछले बीस सालों से कांट्रेक्ट पर चला गुरु हूं साहब! अब आप ही बताओ! कांट्रेक्ट वाला गुरु क्या किसी भले चंगे को उल्लू बनाए, क्या किसी भले चंगे को गधा बनाए। मैं तो मात्र मथा टेक गुरु हूं परमादरणीय डोनाल्ड ट्रंप जी! मैं तुम्हारी गुरुता के आगे पानी तो छोड़िए, तुम्हारे आदेश के बिना सांस भी नहीं भर सकता। इसलिए बस, अपनी एक्स विश्वगुरुता का स्मरण करता जब भी रोटी कमाने से फुर्सत मिलती है, अपने सुनहरे अतीत को याद कर जरा अघाए लेता हूं। अपनी बेकार की गुरुता पर इतराए लेता हूं। अपने गुरुडम को बनाए बचाए रखने के लिए अपनी पीठ खुद ही थपथपाए लेता हूं। अपने भीतर के अथाह अज्ञान को तनिक दबाए लेता हूं। पर मेरे भीतर का अकूटनीतिज्ञ ज्ञान है कि जितना मैं इसको कूटता हूं, वह उतना ही मुझे पीटता है। हे नाउएडेजी विश्वगुरु! अपुन विश्वगुरु जब थे, तब थे। आज तो हम परीक्षा भवन में परीक्षार्थियों से डर उनको खुली नकल करवाने वाले गुरु हैं। आज तो हम परीक्षार्थियों से पैसे ले उनको पास करवाने वाले गुरु हैं। आज तो हम अपने किसी शोध छात्र का शोध अपने नाम से प्रकाशित करवाने वाले गुरु हैं। आज तो हम क्लास में गप्पें मार, घर में पूरी क्लास को ट्यूशन पढ़ाने वाले गुरु हैं। आज तो हम अपनी योग्यता को भूल औरों के बच्चों को सरकारी स्कूल और अपने अपने बच्चों को प्राइवेट स्कूल में पढ़ाने वाले गुरु हैं। आज तो हम अपना मनवांछित स्टेशन का पाने के लिए किसी के भी पांवों में नाक रगडने़ वाले गुरु हैं। आज तो हम पढ़ाने के बदले नेताओं के आगे-पीछे पूंछ हिलाने वाले गुरु हैं। आज तो हम सरकार से अपना ड्यू अनड्यू पाने के लिए कहीं भी हाथ जोडने़ वाले गुरु हैं। आज तो हम बोर्ड के कार्यालय में जा फेल को पास और पास को फेल

करवाने वाले गुरु हैं।

आज तो हम पैसे लेकर प्रतियोगी परीक्षाओं के पेपर लीक करवाने वाले गुरु हैं। आज तो हम मिल मिलाकर मैरिट लिस्ट बदलवाने वाले गुरु हैं। आज तो हम गधे को घोड़ा और घोड़े को गधा बनाने वाले गुरु हैं। आज तो हम आगे बढने़ वाले होनहार छात्रों को सबसे पीछे लाने वाले गुरु हैं। अपुन में इतनी खासियतें होने के बाद भी मैं जो अपने को गुरु मानता रहूं तो मानता रहूं। तोतों की तरह नैतिकता का पाठ रटने से कोई विश्वगुरु नहीं बन जाया करते। डोनाल्ड ट्रंप साहब! शास्त्र रटने के बदले जो शस्त्र पढ़ते हैं, वही विश्वगुरु होते हैं। हे डोनाल्ड ट्रंप जी! विश्वगुरु वही जो धरा पर अशांति फैलाने के साथ-साथ शांति का पाठ पढ़ाए। विश्वगुरु वही जो अपनी इगो के लिए समस्त मानवता को दाव पर लगाए। विश्वगुरु वही जो दो युद्ध करने वालों में से एक को युद्ध का सामान खरीदने के लिए आईएमएफ से फंड दिलवाए और दूसरे को संयम रखने का पाठ पढ़ाए। विश्वगुरु होने के लिए कृत्य नहीं, जघन्य कृत्य करने पड़ते हैं जनाब! नैतिकशास्त्र से हटकर नृत्य करने पड़ते हैं जनाब! यों ही सदाचारियों को विश्वगुरु का आसन्न आसन नहीं मिल जाया करता जनाब! सो हे नाउएडेजी विश्वगुरु! तुम्हारे चरणों में लघु गुरु का पुन्न कोटि कोटि साष्टांग प्रणाम! तुम्हीं इस धरा पर विश्वशांति पुरस्कार के जेनुइन हकदार हो।

-अशोक गौतम

राशिफल

ज्येष्ठ माह कृष्ण पक्ष दशमी | **(विक्रम संवत् 2082)**

मेष- (चू, चे, चो, ला, ली, लू, ले, लो, अ)
मानसिक स्थिति थोड़ी सी उतार-चढ़ाव में रहेगी। आर्थिक अज्ञात भय सताएगा। प्रेम, संतान की स्थिति मध्यम।

वृष- (ई, उ, ए, ओ, वा, वी, वू, वे , वो)
कोर्ट कचहरी से बचें। व्यापारिक स्थिति मध्यम रहेगी। सरकारी स्थिति मध्यम रहेगी। पिता के स्वास्थ्य पर ध्यान दें।

मिथुन- (का, की, कु, घ, ड , छ, के, हो, हा)
मान अपमान से कोई रिस्क न लें क्योंकि अपमानित होने का भय रहेगा। यात्रा में कष्ट संभव है।

कर्क- (ही, हू, हे, हो, डा, डी, डू, डे, डा)
परिस्थितियां प्रतिकूल रहेंगी। चोट चपेट लग सकती है। किसी परेशानी में पड़ सकते हैं। स्वास्थ्य पर ध्यान दें

सिंह- (मा, मी, मु, मे, मो, टा, टी, टु, टे)
प्रेमी प्रेमिका अभी उलझन में न पड़ें, मुलाकात में भी ध्यान रखें की कोई बड़ी परेशानी न हो।

कन्या- (टो, पा, पी, पू, ष, ण, ठ, पे, पो)
शत्रुओं पर भारी पड़ेंगे लेकिन कार्यों में विघ्न बाधा रहेगी। शत्रु नुकसान पहुंचाने की कोशिश करेंगे लेकिन जीत जाएंगे आप।

तुला- (रा, री, रु, रे, रो, ता, ती, तू, त)
बच्चों की सेहत पर ध्यान दें। प्रेम में बड़ी तू तू मैं मैं न हो इस बात का ध्यान रखिए।

वृश्चिक- (तो, ना, नी, नु, ने, नो, या, यी, यू)
घरेलू सुख बाधित रहेगा। भूमि भवन और वाहन की खरीदारी में परेशानी होगी। घर में कोई बड़ा कलह दिखाई पड़ रहा है।

धनु- (ये, यो, भा, भी, भू, धा, फा, ढा, भे)
स्वास्थ्य प्रभावित दिख रहा है। नाक, कान, गला की परेशानी हो सकती है। स्वास्थ्य पर ध्यान दें।

मकर- (भो,जा,जी,जू,जे,जो,खा,खी,खू,खे,गा,गी)
धन हानि के संकेत हैं। मुख रोग के शिकार हो सकते हैं। कुटुंबों से न उलझें। प्रेम, संतान अच्छा है।

कुम्भ- (गू, गे, गो, सा, सी, सु, से, षो, द)
स्वास्थ्य प्रभावित दिख रहा है। ऊर्जा का स्तर और मानसिक स्तर थोड़ा ऊपर नीचे रहेगा।

मीन- (दी, दु, झ, ध, दे, दो, च, चा, चि)
प्रेम संतान की प्रॉब्लम रहेगी। व्यापार आपका सही चलता रहेगा। काली वस्तु का दान करें।

पूर्व प्रधानमंत्री स्व. राजीव गाँधी की पुण्यतिथि पर दी श्रद्धांजलि

ग्रेटर नोएडा (चेतना मंच)। भारत रत्न पूर्व प्रधानमंत्री स्व0 राजीव गाँधी की पुण्यतिथि पर गांव डेरी स्कैनर में ग्राम चौपाल कार्यक्रम का आयोजन कर उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित की गयी।

संचार क्रांति के जनक आधुनिक भारत के निर्माता शहीद पूर्व प्रधानमंत्री स्व0 राजीव गाँधी को श्रद्धा सुमन अर्पित करते हुए गौतमबुद्ध नगर कांग्रेस जिला अध्यक्ष दीपक भाटी चोटीवाला ने कहा कि उस दौर में जब सूचना और प्रौद्योगिकी के क्षेत्र में वैश्विक आवश्यकताएँ बदल रहीं थी और इसमें अगुवा बनने की दौड़ पूरी दुनिया में शुरू हुई उस जमाने में राजनैतिक इच्छा शक्ति दर्शाते हुए प्रधानमंत्री राजीव गाँधी ने भारत में एक नए संचार युग का सूत्रपात किया जिसका लोहा आज पूरी दुनिया मानती है।

जिला अध्यक्ष दीपक चोटीवाला ने कहा उस दौर में जो बदलाव की शुरुआत हुई उसी का नतीजा है कि दुनिया भर में भारत के युवा सबसे ज्यादा टेक्नोक्रेट हैं, शीर्ष प्रतिष्ठानों में अपनी सेवाएं देकर देश का नाम रोशन कर रहे हैं। आज हम कांग्रेस पार्टी के कार्यकर्ता गर्व से उनको याद करते हुए भावभीनी श्रद्धांजलि अर्पित कर रहे हैं।

ग्राम चौपाल के आयोजक जिला सचिव नीरज शर्मा ने कहा कि वास्तव में उस दौर में जब शीत युद्ध चल रहा था, खाड़ी युद्ध शुरू होने वाला था जब स्व0 राजीव गाँधी ने अगले सैकड़ों वर्षों के विजन को देखते हुए कंप्यूटर क्रांति का आगाज किया।

जिला संगठन प्रभारी महासचिव मुकेश शर्मा ने कहा कि जो लोग भैंसा-बुग्गी लेकर अटल बिहारी वाजपेयी के नेतृत्व में संसद पर धरना देने गए थे वे भी स्व0 राजीव गांधी का लोहा मानते हैं। उन्होंने देश की एकता और अखंडता के लिए अपने प्राणों की आहुति दी देश हमेशा उनके प्रति कृतज्ञ रहेगा।

ग्राम चौपाल में गौतम अवाना, अशोक पंडित, नीरज लोहिया, धर्म सिंह ने भी अपने संबोधन में स्व0 राजीव गाँधी जी के जीवन पर प्रकाश डाला। कार्यक्रम की अध्यक्षता बाबा चरणसिंह भाटी व संचालन सुनील भाटी ने किया।

ग्राम चौपाल कार्यक्रम में अशोक पंडित, नीरज शर्मा, मुकेश शर्मा, भीम सिंह भाटी, धर्म सिंह बाल्मीकि, महाराज नागर, देवेश चौधरी, नीरज लोहिया, कपिल भाटी, गौतम अवाना, रमेश चंद शर्मा, प्रेम सिंह भाटी, उर्मिला चौधरी, ओमकार राणा, सुबोध भट्ट, रमेश बाल्मीकि, सचिन शर्मा, गौरव वसिष्ठ, रमेश यादव, कैलाश बंसल, रूपेश भाटी, सचिन भाटी, जीत सिंह भाटी, श्यामदत्त शर्मा, दयाराम भाटी, रामनिवास, धर्मबीर सिंह धीरा आदि कांग्रेस कार्यकर्त्ता व ग्रामीण उपस्थित रहे।

रानी अहिल्या बाई की जयंती पर गोष्ठी आयोजित

ग्रेटर नोएडा (चेतना मंच)। रानी अहिल्या बाई की त्रिशताब्दी जन्म जयंती पर गोष्ठी का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि पूर्व सांसद मेरठ राजेन्द्र अग्रवाल रहे। कार्यक्रम की अध्यक्षता जिलाध्यक्ष अभिषेक शर्मा ने की कार्यक्रम का संचालन कार्यक्रम संयोजक सतेंद्र नागर ने किया ।

पूर्व सांसद राजेन्द्र अग्रवाल ने कहा कि रानी अहिल्या बाई होल्कर भारत के मालवा साम्राज्य की मराठा होल्कर महारानी थी जिन का जन्म 31 मई 1725 को महाराष्ट्र के औरंगाबाद के चोडी गाँव में हुआ था उनके पिता मंकोज़ी राव शिंदे अपने गाँव के पाटिल थे जहाँ कन्याओं को शिक्षा की अनुमति न्ही थी इसके बावजूद उनके पिता ने उन्हें शिक्षा प्रदान की उनका जीवन संघर्षों के साथ बढ़ा भारतीय संस्कृति को बढ़ाने में रानियाँ महारानियाँ कोशल प्रतिभा सैन्य शक्ति न्याय निष्ठ मनोबल और दृढ़ संकल्प के साथ कार्य किये उनके से एक रानी अहिल्या बाई जी भी थी भगवान शिव सच्ची की उपासक थी उसके लिये उन्हें शिव कामिनी महा देवी अहिल्या बाई से भी जाना जाता हैं।

इस अवसर पर मुख्य रूप से सुभाष भाटी नगर पालिका अध्यक्ष गीता पंडित जिला महामंत्री दीपक भारद्वाज मनोज गर्ग अहिल्याबाई जिला कार्यक्रम संयोजक धर्मेन्द्र कोरी रजनी तोमर मीडिया प्रभारी कर्मवीर आर्य कार्यक्रम सह संयोजक अश्वनी गोयल सरदीप नागर चन्द्रमणि भारद्वाज वीरेन्द्र भाटी रवि जिन्दल किसान मोर्चा विमल पुंडीर युवा मोर्चा राज नागर पंकज रावल गुरुदेव भाटी ओमकार भाटी इन्द्र नागर अर्पित तिवारी मनोज भाटी राजीव सिंघल धर्मेन्द्र शर्मा प्रभा कुशवाह दीपक चेयर मैन यतेन्द्र नागर राजू भाटी अखिलेश नागर गजेंद्र वाल्मीकि हरीदत्त शर्मा ठाकुर हरपाल अशोक रावल अर्पणा सिंह विजय रावल श्यामवीर भाटी मनोज प्रधान आदि सैकड़ों लोग कार्यक्रम में उपस्थित रहे।

इफको महिला चेतना क्लब ने किया शरबत वितरण

प्रयागराज (चेतना मंच)।

३इफको महिला चेतना क्लब ने सामाजिक सेवा की एक सराहनीय पहल करते हुए प्रयागराज स्थित प्रसिद्ध लेटे हुए बजरंग बली बड़े हनुमान मंदिर परिसर में श्रद्धालुओं के लिए भोजन और शरबत वितरण किया।

क्लब की अध्यक्षा श्रीमती विनीता कुदेशिया ने बताया कि भीषण गर्मी में मंदिर आने वाले भक्तों को राहत प्रदान करना क्लब के लिए सौभाग्य की बात है। उन्होंने कहा कि इफको महिला चेतना क्लब भविष्य में भी इसी प्रकार के जनसेवा कार्यक्रमों का आयोजन करता रहेगा। इस अवसर पर क्लब की सक्रिय सदस्य श्रीमती मीनू भंडारी, श्रीमती नुपूर परासर, श्रीमती पूनम वर्मा, श्रीमती अलका गुप्ता, श्रीमती किरन भदवार, श्रीमती रश्मि अग्रवाल, श्रीमती नीरू सक्सेना तथा श्रीमती गीता सिंह भी उपस्थित रहीं और सेवा कार्य में योगदान दिया।

भाजपाईयों ने निकाली तिरंगा यात्रा

ग्रेटर नोएडा (चेतना मंच)। भाजपाइयों ने कल दादरी नगर पालिका कार्यालय से 2 किलोमीटर की पैदल 'तिरंगा यात्रा' निकाली।

इस मौके पर मुख्य अतिथि विधान परिषद सदस्य श्रीचंद शर्मा ने कहा कि 'ऑपरेशन सिंदूर' से भारतीय सेना ने पाकिस्तान के मंसूबो को मिट्टी में मिला दिया, भारतीय सेना ने पाकिस्तान को दिन दिन में उसकी औक़ात बता दी और देश के प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने जो कहा आंतक कों मिट्टी में मिलाने का समय आ गया हैं और उन्होंने सेना कों फ्री हैंड करके आतंकवादियों के ठिकानों को और पाकिस्तान के एयरबैसों को नेस्तनाबूद कर बड़ी करवाई की हमारी भारतीय सेना ने जो पराक्रम शौर्य दिखाया उसके लिए सेना को आने वाले समय में जो भारत पर आक्रमण करेगा या भारत की बहन-बेटियों के सुहाग उजाड़ेगा उसका हश्र आप्रेशन सिंदूर की तरह होगा और कहा 'ऑपरेशन सिंदूर' की सफलता से हर भारतीय का

सीना गर्व से चौड़ा है, प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में देश लगातार आगे बढ़ रहा है, मोदी जी ने जो पाकिस्तान को सबक सिखाया वह हमेशा याद रहेगा। इस वक्त पूरा देश हमारी सेना का अभिनंदन कर रहा है, हमारे सैनिकों ने पाकिस्तान में आतंकियों को घर में घुसकर मारा है। देशभक्ति से ओतप्रोत इस ऐतिहासिक यात्रा का हिस्सा बनकर मैं अत्यंत गर्व की अनुभूति महसूस कर रहा हूं।

गीता पंडित ने कहा कि इस तिरंगा यात्रा का उद्देश्य देश की महान सेना के शौर्य और बलिदान को सम्मान देना, मोदी सरकार की राजनितियों को जन-जन तक पहुंचाना तथा आम नागरिकों में देशभक्ति एकता और संगठन के प्रति विश्वास को प्रगाढ़ करना है।

भाजपा युवा मोर्चा जिलाध्यक्ष व इस तिरंगा यात्रा अभियान के जिला संयोजक राज नागर एवं सह संयोजक विमल पुंडीर ने कहा कि राष्टभक्ति से ओतप्रोत तिरंगा यात्रा में लोगों का जोश सेना के प्रति उत्साह जुनून झलका, हाथों में तिरंगा और लबों पर भारत माता की जय की गूंज सुनाई दी, सेना के सम्मान में हर भारतीय मैदान में, और पाकिस्तान मुर्दाबाद के नारे से पूरा शहर गूंज उठा।

तिरंगा यात्रा अभियान के जिला संयोजक जिलाध्यक्ष युवा मोर्चा राज नागर, विमल पुंडीर मंडल अध्यक्ष कासना राजीव सिंघल मीडिया प्रभारी कर्मवीर आर्य, दीपक नागर वरिष्ठ नेता बलराज भाटी वीरेंद्र भाटी, रवि जिन्दल,विजय रावल रजनी तोमर, सोमेश गुप्ता दिनेश शर्मा संगीता रावल संदीप शर्मा सोहित पंडित राजकुमारी ईश्वर वर्मा सरदीप नागर चिंटू शर्मा अभिषेक कौशिक राजेश गोयल लब्बू शर्मा आदि हजारों की संख्या में दादरी शहरवासी उपस्थित रहे।

स्कूल में बच्चों के मानसिक उत्पीड़न के साथ अभिभावकों को भी बनाया जाता है टारगेट!

- **शिक्षा विभाग ने प्रकरण की जांच के आदेश दे, चौबीस घंटे में तलब की रिपोर्ट**
- **मंत्री संदीप सिंह व पूर्व उपमुख्यमंत्री दिनेश शर्मा ने भी लिया घटना का संज्ञान**

विशेष संवाददाता

नोएडा। इलाके के एक नामचीन स्कूल में बच्चों और अभिभावकों के मानसिक उत्पीड़न का सनसनीखेज मामला सामने आया है। सूबे की सरकार ने इस मामले का स्वत: संज्ञान लेते हुए इसे क्रूर अपराध बताने के साथ मानव रचना इंटरनेशनल स्कूल के संबंधित स्टाफ के खिलाफ दंडात्मक कार्रवाई का आदेश दिया है। शिक्षा विभाग की ओर से भी इस प्रकरण की जांच के आदेश जारी करने के साथ 24 घंटे में रिपोर्ट तलब की गई है।

मामला सेक्टर 52 नोएडा स्थित मानव रचना इंटरनेशनल स्कूल से जुड़ा हुआ है। स्कूल पर आरोप है कि अधिकांश शिक्षक आए दिन बच्चों से दुर्व्यवहार करते हैं। अभिभावकों द्वारा समय-समय पर शिक्षकों के इस दुर्व्यवहार की शिकायत स्कूल प्रबंधकों से भी की जाती रही है, लेकिन शिकायतों के बावजूद कक्षा में बच्चों से शिक्षकों के दुर्व्यवहार की शिकायतें आम हैं। घटना के अनुसार मंगलवार को कक्षा 2 में पढ़ने वाली एक छात्रा के साथ क्लास टीचर ने न सिर्फ अभद्रता की, बल्कि उसके अभिभावकों के प्रति भी अशोभनीय टिप्पणी की। शिक्षिका ने अपना गैरजिम्मेदाराना व्यवहार कक्षा के बाहर भी जारी रखते हुए इस प्रकरण को अपनी प्रतिष्ठा का प्रश्न बना लिया। देर शाम शिक्षिका ने छात्रा के अभिभावकों को टारगेट करते हुए फोन कर बच्ची के साथ-साथ उन्हें भी शारीरिक रूप से दंडित करने की बात दोहराई। बच्ची की मां से उन्होंने कहा कि बच्ची की गलती की पुनरावृत्ति पर आपको भी थप्पड़ मारे जाएंगे।

बुधवार को डरी सहमी बच्ची स्कूल जाने के लिए राजी नहीं हुई। मां बाप द्वारा पूछने पर उसने पहले दिन कक्षा में घटी घटना का विवरण माता-पिता को दिया। जिसके बाद अभिभावकों को प्रकरण की गंभीरता का पता चला। अभिभावकों द्वारा प्रकरण की जानकारी स्कूल प्रबंधकों को दी गई। लेकिन स्कूल प्रबंधन ने अभिभावकों की शिकायत को गंभीरता से नहीं लिया। इसके बाद अभिभावकों द्वारा इस प्रकरण की जानकारी जिला विद्यालय निरीक्षक व शिक्षा मंत्री सहित उच्च अधिकारियों को दी गई। जिसके बाद इस प्रकरण का संज्ञान लेते हुए आधिकारिक स्तर पर इस प्रकरण की उच्च स्तरीय जांच के आदेश दिए गए हैं। वहीं राज्य के बेसिक मंत्री संदीप सिंह ने इस प्रकरण पर टिप्पणी करते हुए इसे गंभीर व अमानवीय बताया। सूबे के पूर्व उप मुख्यमंत्री दिनेश शर्मा ने भी इस प्रकरण की उच्च स्तरीय जांच की पैरवी की है। जनपद के जिला विद्यालय निरीक्षक धर्मवीर सिंह का कहना है कि उनके संज्ञान में भी यह प्रकरण आया है। जिसकी जांच कर दोषियों को दंडित करवाया जाएगा। श्री सिंह ने कहा कि किसी भी स्कूल को बच्चों और अभिभावकों को टारगेट करने की इजाजत नहीं है।

ग्रेटर नोएडा में फैक्ट्रियों के पंजीकरण के लिए लगेगा शिविर

ग्रेटर नोएडा। ग्रेटर नोएडा में अपंजीकृत फैक्ट्रियों को पंजीकृत कराने के लिए जल्द ही सेक्टर वार शिविर लगाया जाएगा। मंगलवार को ग्रेटर नोएडा प्राधिकरण के एसीईओ सौम्य श्रीवास्तव की अध्यक्षता में बोर्ड रूम में बैठक हुई, जिसमें कारखाना विभाग और औद्योगिक संगठनों के प्रतिनिधि शामिल हुए। बैठक में निर्णय लिया गया कि प्राधिकरण, कारखाना विभाग और औद्योगिक संगठनों के सहयोग से औद्योगिक सेक्टरों में शिविर का आयोजन किया जाएगा, जिसमें फैक्ट्रियों का पंजीकरण कराया जाएगा। उत्तर प्रदेश की अर्थव्यवस्था को वन ट्रिलियन इकोनामी बनाने के मकसद से शासन के निर्देश पर शिविर का आयोजन किया जा रहा है ताकि अपंजीकृत फैक्ट्रियों को पंजीकृत कराकर अर्थव्यवस्था में उनके योगदान को रेखांकित किया जा सके। फैक्ट्रियों का पंजीकरण दो चरणों में होगा पहले चरण में न्यूनतम डॉक्यूमेंट लेकर पंजीकृत कर दिया जाएगा और दूसरे चरण में फैक्ट्री विभाग की तरफ से निर्धारित 19 डॉक्यूमेंट लेकर उसे कंप्यूटर पर अपलोड करते हुए पूर्ण पंजीकरण की प्रक्रिया पूरी की जाएगी।

एसीईओ सौम्य श्रीवास्तव ने बताया कि सेक्टर-12 शेड्यूल जल्द ही जारी कर दिया जाएगा। बैठक में प्राधिकरण के ओएसडी नवीन कुमार सिंह, प्रबंधक अरविंद मोहन सिंह, इंडस्ट्रियल बिजनेस संगठन के अध्यक्ष अमित उपाध्याय और राकेश अग्रवाल, आईआईए से आशुतोष, आईईए से सूर्यकांत तोमर व उद्यमी मित्र आदि मौजूद रहे।

पृष्ठ एक के शेष....

अपनी सीमाएं लांघ...

पीठ ने कहा कि ईडी सभी नियमों को लांघ रहा है। कोर्ट ने कहा कि राज्य द्वारा संचालित टीएएसएमएसी के खिलाफ ईडी की जांच आगे नहीं बढ़ेगी। विधि अधिकारी ने आदेश का विरोध करते हुए कहा कि यह मामला 1,000 करोड़ रुपये से अधिक के भ्रष्टाचार से जुड़ा है और ईडी 'कम से कम इस मामले में' अपनी सीमाएं नहीं लांघ रहा है।

सीबीआई ने प्राधिकरण...

ईएमआई का भुगतान करना था, लेकिन कुछ समय बाद बिल्डरों ने ईएमआई देनी बंद कर दी और खरीदारों को फ्लैट भी नहीं दिए। इससे खरीदारों पर ईएमआई का बोझ आ गया और बड़ी संख्या में खरीदार डिफॉल्टर हो गए। कुछ वर्षों बाद इन योजनाओं को लाने वाले अधिकांश बिल्डर दिवालिया हो गए।

नोएडा-ग्रेनो समेत एनसीआर की करीब 40 परियोजनाओं में हजारों फ्लैट खरीदार फंसे हुए हैं। सीबीआई स्पोर्ट्स सिटी मामले की भी जांच कर रही सीबीआई नोएडा में स्पोर्ट्स सिटी घोटाले की भी जांच कर रही है। बीते एक महीने में तीन-चार बार सीबीआई की टीम प्राधिकरण के दफ्तर आ चुकी है। टीम ने स्पोर्ट्स सिटी की सेक्टर-78, 79, 150 और 152 में आवंटित हुए भूखंडों की भी मौके पर जाकर जांच की।

ट्रैफिक पुलिस ने संभाला...

बुलाया गया, जिससे भारी पेड़ों को हटाने में मदद मिली। सेक्टर 18 अंडरपास, सेक्टर 37 चैराहा, और चिल्ला बॉर्डर जैसी प्रमुख जगहों पर जहां सबसे ज्यादा पेड़ गिरे थे, वहाँ ट्रैफिक पुलिस ने विशेष ध्यान केंद्रित किया।

दैनिक चेतना मंच

भगवान हनुमान बजरंग बली के अवतार श्री बालाजी (मेंहदीपुर) के संरक्षण में संचालित किया जाता है। समाचार-पत्र का यह अंक भी उन्हीं के चरणों में समर्पित है।

डाक पंजी. सं. L-10/GBD-574/99

RNI No. 69950/98

स्वामी मुद्रक प्रकाशक रामपाल सिंह रघुवंशी ने M/s Sai Printing Press, डी-85 सेक्टर-6, नोएडा, गौतमबुद्धनगर (यू पी.) से छपवाकर, ए-131 सेक्टर-83, नोएडा से प्रकाशित किया।

संपादक-रामपाल सिंह रघुवंशी

Contact: 0120-2518100, 4576372, 2518200

Mo.: 9811735566, 8750322340

E-mail: chetnamanch.pr@gmail.com raghuvanshirampal365@gmail.com raghuvanshi_rampal@yahoo.co.in www.chetnamanch.com

भीषण सड़क हादसे में एक ही परिवार के 4 लोगों समेत 6 की मौत

एजेंसी

विजयपुरा (कर्नाटक)। कर्नाटक के विजयपुरा में बुधवार की सुबह हुए एक भीषण सड़क हादसे में छह लोगों की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि तीन लोग घायल हो गए हैं। घायलों को जिला अस्पताल में भर्ती करवाया गया है। विजयपुरा जिला पुलिस अधीक्षक ने बताया कि प्रारंभिक जानकारी के अनुसार, स्कॉर्पियो कार सवार सवार पांच लोगों और निजी बस के चालक सहित छह लोगों की मौत हो गई है। मौके पर पहुंची पुलिस ने शवों को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। मृतकों की पहचान तेलंगाना के

गडवाल, केनरा बैंक शाखा प्रबंधक टी. भास्करन, उनकी पत्नी पवित्रा, बेटा अभिराम और बेटी जोसना के अलावा विजयपुरा जिले के होर्टी के स्कॉर्पियो चालक विकास शिवप्पा मकानी और कलगुटागी थांडा के निजी बस चालक बसवराज राठौड़ भास्कर के रूप में हुई है। टी. भास्करन के घायल बेटे प्रवीण तेजा और लॉरी चालक चन्नबसव सिद्दप्पा को विजयपुरा जिला अस्पताल में भर्ती करवाया गया है। हादसा मनागोली गांव के पास एनएच-50 पर उस वक्त हुआ, जब एक तेज रफ्तार स्कॉर्पियो कार ने एक निजी बस और एक लॉरी को टक्कर मार दी। कार सोलापुर जा रही थी, इसी दौरान वह मुंबई-बल्लारी बस से जा टकराई। स्कॉर्पियो में सवार पांच लोग और बस चालक की मौके पर ही मौत हो गई। हादसा इतना भयंकर था कि कार के परखच्चे उड़ गए। पुलिस के मुताबिक सोलापुर की ओर बहुत तेज गति से जा रही स्कॉर्पियो पहले एक डिवाइडर से टकरा गई, जिसके बाद उसकी मुंबई से बल्लारी जा रही एक निजी बस और एक लॉरी से सीधी टक्कर हो गई। इस दर्दनाक हादसे के बाद लोगों की काफी भीड़ जुट गई। ट्रैफिक जाम की स्थिति बन गई, जिसके बाद पुलिस ने सड़क से क्षतिग्रस्त गाड़ियों को हटाकर जाम खुलवाया। वरिष्ठ पुलिस अधिकारियों ने घटनास्थल का दौरा किया। मामला दर्ज कर पुलिस आगे की कार्रवाई कर रही है।

खास खबर

कॉमेडियन जॉर्ज वेंडट का निधन

लॉस एंजिल्स। चेयर्स जैसे आइकॉनिक शो में अपनी बेमिसाल कॉमिक टाइमिंग और दिल जीत लेने वाली मुस्कान से लोगों को गुदगुदाने वाले अभिनेता जॉर्ज वेंडट का निधन हो गया है। उन्होंने अपने करियर में लाखों दिलों को जीता, लेकिन अब वो इस दुनिया को अलविदा कह गए। वेंडट के निधन की जानकारी उनकी पब्लिसिस्ट मेलिसा नाथन ने दी। उन्होंने बताया कि 76 साल के जॉर्ज वेंडट ने लॉस एंजिल्स स्थित अपने घर में मंगलवार सुबह अंतिम सांस ली। उनके परिवार ने भी इस खबर की पुष्टि की है। अभिनेता का जाना केवल हॉलीवुड ही नहीं, बल्कि हर उस इंसान के लिए सदमा है जो उनकी कॉमेडी का दीवाना था। नाथन ने कहा कि जॉर्ज वेंडट न केवल एक बेहतरीन अभिनेता थे, बल्कि एक गहरे भावुक और पारिवारिक इंसान भी थे। जो कोई भी उन्हें जानता था, वो उनके जज्बे और गर्मजोशी से परिचित था। उनकी जगह कभी नहीं भर पाएगी। जॉर्ज का सबसे यादगार किरदार एनबीसी के मशहूर सिटकॉम चेयर्स में नॉर्म पीटरसन का, जो बीयर के शौकीन एक प्यारे से अकाउंटेंट की भूमिका थी।

चावल पर टिप्पणी से दुखी कृषि मंत्री ने दिया इस्तीफा

टोक्यो। जापान के कृषि मंत्री ने चावल को लेकर एक टिप्पणी कर दी। इसका विरोध पूरे देश में हुआ। इससे वे इतने व्यथित हो गए कि उन्होंने प्रायश्चित करते हुए अपने पद से इस्तीफा दे दिया। जापान के उस कृषि मंत्री का नाम है तकु एतो। उन्होंने जनता की नाराजगी को देखते हुए अपना इस्तीफा दे दिया। तकु एतो ने बताया कि जापानी प्राइम मिनिस्टर शिगेरु इशिबा ने उनका इस्तीफा स्वीकार कर लिया है। अब आपके मन में सवाल होगा कि आखिर वह टिप्पणी क्या थी, जिसके कारण कृषि मंत्री को इस्तीफा देना पड़ा? दरअसल, जापान में अभी महंगाई चरम पर है। ऐसे माहौल में चावल पर दिया बयान ही मंत्री जी के लिए जी का जंजाल बन गया। उन्होंने कहा था कि उन्हें अपने समर्थकों की ओर से दिए गए तोहफों की वजह से कभी चावल नहीं खरीदना पड़ा। उनके इसी बयान पर उस समय बवाल मच गया जब देश में चावल की कमी और आसमान छूती कीमतों से उपभोक्ता जूझ रहे हैं।

लोक गायिका नेहा राठौर पर एफआईआर दर्ज

वाराणसी। लोक गायिका नेहा राठौर जो हमेशा बीजेपी और सरकार पर गाने के अंदाज में तंज कसती रहती हैं अब उनके खिलाफ वाराणसी में एफआईआर दर्ज की गई है। हाल ही में नेहा राठौर ने पीएम नरेंद्र मोदी पर आपत्तिजनक टिप्पणी की थी। पीएम मोदी पर टिप्पणी को लेकर काशी में नेहा के खिलाफ लोगों में आक्रोश है। गायिका नेहा सिंह राठौर के खिलाफ हिंदू संगठनों ने थाने में शिकायत दर्ज कराई है। जानकारी के मुताबिक लोगों का कहना है कि नेहा राठौर के अनर्गल बयान से देश के लोगों की भावनाएं आहत हो रही हैं। नेहा के वीडियो पाकिस्तान की मीडिया और टेलीविजन पर लगातार चलाए जा रहे हैं, जिससे काशी के लोगों में गुस्सा है। नेहा राठौर पर देशद्रोह जैसे गंभीर धाराओं में मुकदमा कायम किया जाए।

महाराष्ट्र में आसमानी बिजली गिरने से 4 लोगों की मौत

एजेंसी

मुंबई। महाराष्ट्र के विभिन्न जिलों में आंधी-तूफान के साथ भरी बारिश होने से जनजीवन अस्त व्यस्त हो गया। वहीं आसमानी बिजली गिरने से चार लोगों की मौत होने की खबर है। जबकि कई स्थानों पर पशुधन की मौत हो गई। उधर आंधी-तूफान के चलते कई जगहों पर छतें और पेड़ उड़ गए। बाग-बगीचों को भी नुकसान पहुंचा है। बताया गया है कि आसमानी बिजली गिरने से परभणी जिले के पाथरी तालुका में 42 वर्षीय धोंडीराम बापुराव हलबर्गे की मृत्यु हो गई। वहीं अहिल्यानगर जिले के रामपुर के राहुरी तालुका में राहुल पठारे (37), वर्धा जिले के तलोदी शिवरा में बलिराम परचाके (62) और नासिक जिले के सोनगिरि, तालुका सिन्नर में रवींद्र प्रभाकर

बोडके (34) की मौत हो गई। उधर सिंधुदुर्ग जिले में भारी बारिश हुई। कोल्हापुर जिले में भी आधे घंटे तक बादल फटने जैसी बारिश हुई। जलभराव के कारण यातायात बाधित हुआ। 35 से अधिक पेड़ और विज्ञापन होर्डिंग गिरने की खबर है। जबकि लातूर, सांगली, सतारा, नासिक और रत्नागिरी जिलों में भी भारी बारिश और तूफान से किसानों के फसलों को भारी क्षति पहुंची है। उधर परभणी के जिंतूर में पत्रे और पत्थरों की चपेट में आने से दस लोग घायल हो गए।

20 अवैध धार्मिक स्थलों पर चला बुलडोजर

एजेंसी

अहमदाबाद। अहमदाबाद के चंडोला तालाब के पास अवैध निर्माण के खिलाफ बुलडोजर की कार्रवाई दूसरे दिन भी जारी है। इस दौरान प्रशासन ने अवैध धार्मिक स्थलों को ध्वस्त किया, जिसमें मस्जिद और दरगाह के साथ छोटे-बड़े मंदिर भी शामिल थे। चंडोला तालाब की जमीन पर अवैध अतिक्रमण हटाने के लक्ष्य के साथ यह अभियान चलाया जा रहा है। पहले चरण में 3000 अवैध निर्माण ध्वस्त किए गए थे। प्रशासन का कहना है कि किसी धर्म या संप्रदाय को नहीं बल्कि जिसने भी अवैध निर्माण किया है, उसे हटाया जा रहा है। चंडोला तालाब में 9 छोटी-बड़ी मस्जिदें हैं। सिराज नगर स्थित सिराज मस्जिद को सुबह तोड़ा गया। लल्ला

बिहारी के फार्म के पास स्थित अली मस्जिद को भी तोड़ा गया है। इसके अलावा देवीपूजक समाज के भी 3 मंदिर शामिल हैं, जिसका डिमोलिशन किया गया है। उल्लेखनीय है कि 20 मई को सुबह 6:30 बजे से शाम 5 बजे तक अहमदाबाद म्यूनिसिपल कॉर्पोरेशन (एएमसी) ने मशीनरी की मदद से अतिक्रमण विरोधी अभियान चलाया जिसमें करीब 35 हिटाची मशीन और 15 जेसीबी मशीनों के उपयोग करते हुए एक ही दिन में चंडोला तालाब में 8500 छोटे-बड़े कच्चे और पक्के मकान तोड़ दिए गए। चंडोला तालाब की 2.5 लाख वर्ग मीटर जगह से अधिकांश अतिक्रमण हटा दिए गए हैं। सुरक्षा के लिए 3 हजार से अधिक पुलिस के जवान स्थल पर डटे रहे। यहां लोगों को घर देने की भी प्रक्रिया के तहत 3800 लोगों को आवास के लिए फॉर्म दिए गए हैं। एएमसी अधिकारी के अनुसार मंगलवार को एक ही दिन में सभी अतिक्रमण हटा लिया जाता लेकिन गर्मी में लगातार मशीनें काम कर रही थी जिसके कारण मशीनें खराब हो गईं और इस वजह से समय व्यर्थ हुआ। पिछले दो दिनों से एएमसी और पुलिस की ओर से चंडोला तालाब में मेगा डिमोलिशन की प्रक्रिया चल रही है। कई लोगों के घर टूट चुके हैं और उनके पास रहने की कोई व्यवस्था न होने के कारण म्युनिसिपल कॉर्पोरेशन के यूसीडी विभाग ने उन्हें वासणा के शेल्टर होम में स्थानांतरित किया है।

गोवा में भारी बारिश

पणजी। इंडिगो एयरलाइंस ने गोवा में भारी बारिश को देखकर अपने यात्रियों के लिए ट्रैवल एडवाइजरी जारी की है। एडवाइजरी में यात्रियों से कहा गया है कि वे अपने गंतव्य स्थल पर जाने से पहले अपनी फ्लाइट की जानकारी जरूर लें। एजवाइजरी में बताया गया हैं कि गोवा में भारी बारिश का सिलसिला जारी है। इस देखकर कई फ्लाइट्स अपने निर्धारित समय से देरी से चल रही हैं, वहीं कुछ फ्लाइट्स को डायवर्ट किया गया है। एयरलाइंस ने कहा है कि हमारी टीम यात्रियों को हर संभव सहायता प्रदान करने में जुटी है। हम यह सुनिश्चित कर रहे हैं कि किसी भी यात्री को कोई समस्या न हो। हमारी टीम यात्रियों से लगातार संपर्क में बनी हुई है और उन्हें पल-पल की जानकारी दे रही है। एडवाइजरी में कहा गया है कि सभी यात्री समय-समय पर अपने फ्लाइट्स की जानकारी लेते रहें।

स्कूल बस पर आत्मघाती हमला, 4 बच्चों की मौत

एजेंसी

पेशावर। पाकिस्तान के अशांत बलूचिस्तान प्रांत में एक दर्दनाक आतंकी हमला हुआ, जब एक स्कूल बस को आत्मघाती कार बम से निशाना बनाया गया। इस हमले में कम से कम चार बच्चों की मौत हो गई और 38 अन्य घायल हो गए हैं। स्थानीय प्रशासन के मुताबिक, यह हमला दक्षिण-पश्चिमी बलूचिस्तान क्षेत्र में उस समय हुआ, जब एक स्कूल बस बच्चों को लेकर स्कूल की ओर जा रही थी। आत्मघाती हमलावर ने तेज रफ्तार कार से बस को टक्कर मार दी, जिससे जोरदार विस्फोट हुआ।

प्रांतीय अधिकारी ने पुष्टि की है कि घायलों में अधिकांश बच्चे हैं, जिन्हें पास के अस्पतालों में भर्ती कराया गया है। कई की हालत गंभीर बताई जा रही है। घटनास्थल पर सुरक्षा बल और बचाव टीमें तुरंत पहुंच गईं और इलाके को सील कर दिया गया है। हमले की जिम्मेदारी अभी तक किसी आतंकी संगठन ने नहीं ली है, लेकिन बलूचिस्तान में लंबे समय से सक्रिय उग्रवादी संगठनों और अलगाववादी समूहों पर संदेह जताया जा रहा है। प्रधानमंत्री शहबाज शरीफ और सेना प्रमुख जनरल असीम मुनीर ने इस कायराना हमले की निंदा की है और दोषियों को जल्द पकड़ने का आश्वासन दिया है। बलूचिस्तान में पिछले कुछ महीनों में आतंकी हमलों में तेजी आई है, जिससे आम लोगों की सुरक्षा को लेकर गंभीर सवाल उठने लगे हैं।

गोलीबारी में मारे गए लोगों के घर के एक सदस्य को देंगे सरकारी नौकरी

- जम्मू-कश्मीर के एलजी ने किया राजौरी-पुंछ का दौरा, लोगों से भी मिले

एजेंसी

जम्मू। जम्मू-कश्मीर के एलजी मनोज सिन्हा ने कहा कि वे पहले राजौरी-पुंछ नहीं आ सके थे, लेकिन अब उन्होंने वहां के लोगों से मुलाकात की और प्रशासनिक अधिकारियों के साथ बैठक भी की। उन्होंने कहा कि पाकिस्तान की और से की गई गोलीबारी में मारे गए लोगों के परिजन को मुआवजा दिया गया है और घायलों की हालत अब स्थिर है। सभी को प्रशासन की ओर से सहायता दी जा रही है। एलजी सिन्हा ने ऐलान किया कि जिन परिवारों ने अपने सदस्य खोए हैं, उनके घर के एक सदस्य को सरकारी नौकरी दी जाएगी। उन्होंने कहा कि कई घरों और व्यापारिक प्रतिष्ठानों को नुकसान हुआ है, जिसकी भरपाई प्रशासन कर रहा है। पुनर्वास के लिए एक पैकेज केंद्र सरकार द्वारा मंजूर किया जाएगा। उन्होंने यह भी कहा कि सीमावर्ती इलाकों में बंकरों की जरूरत महसूस की जा रही है। जल्द ही नए बंकर बनाए जाएंगे ताकि लोग मुश्किल हालात में वहां सुरक्षित रह सकें।

बेटे के जन्मदिन पर शिल्पा ने लिखा भावुक संदेश

मुंबई । बॉलीवुड अभिनेत्री शिल्पा शेट्टी बुधवार को अपने बेटे वियान का 13वां जन्मदिन मना रही हैं। इस मौके पर शिल्पा ने अपने बेटे के लिए एक प्यारा संदेश लिखा। उन्होंने कहा कि यह उम्र अपने जुनून को समझने का समय होता है। इस उम्र में कई नई और मुश्किल चीजें सीखने की ताकत होती है। शिल्पा शेट्टी ने एक वीडियो शेयर किया, जिसमें वियान के जन्म से लेकर 13 साल के होने तक की खूबसूरत यादें शामिल हैं। वीडियो में वियान की बचपन की झलकियां दिख रही हैं। शिल्पा शेट्टी ने लिखा, आज का दिन एक बड़ी उपलब्धि है...अब तुम ऑफिशियली टीनेजर बन गए हो, मेरे बेटे।

राजीव गांधी की पुण्यतिथि पर माल्यार्पण कर दी गई श्रद्धांजलि

लखनऊ । आधुनिक भारत के निमार्ता, कंप्यूटर क्रांति के जनक, भारत रत्न, पूर्व प्रधानमंत्री स्व राजीव गांधी की पुण्यतिथि के मौके पर लखनऊ कालिदास चौराहे पर स्थित पूर्व प्रधानमंत्री स्व राजीव गांधी की प्रतिमा पर उत्तर प्रदेश कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष, पूर्व मंत्री अजय राय ने माल्यार्पण कर उन्हें भावभीनी श्रद्धांजलि अर्पित की। इस मौके पर उपस्थित पत्रकारों के समक्ष अपनी बात रखते हुए प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष अजय राय ने कहा कि युवा शक्ति में भरोसा करने वाले राजीव जी ने मतदान की उम्र 21 से घटाकर 18 वर्ष कर लोकतंत्र सशक्त बनाने का काम किया।

उन्होंने इस सच्चाई को हमेशा दोहराया कि युवाओं को समानता, न्याय, बंधुत्व और स्वतंत्रता के सिद्धांत पर एक सामाजिक व्यवस्था बनाने के लिए सशक्त, शिक्षित और कौशल से युक्त होना चाहिए। वह भाईचारे, सहिष्णुता और सह-अस्तित्व की भावना को बढ़ावा देने के लिए सांस्कृतिक तालमेल की जरूरत को लेकर भी गंभीर थे। यह गंभीरता उनकी सरकार की शिक्षा नीति में दिखाई देती थी। श्री राय ने कहा कि जमीनी स्तर पर लोगों को सशक्त बनाने का दृढ़ संकल्प लेकर राजीव गांधी ने 1991 के लोकसभा चुनाव के घोषणापत्र में पंचायती राज संस्थाओं को सशक्त बनाने का वादा किया। जिसे बाद में कांग्रेस की सरकार बनने पर 1992 में संविधान के 73वें संशोधन से पारित किया गया। जिससे ग्रामीण और शहरी क्षेत्रों में पंचायतों, त्रि-स्तरीय पंचायतों और नगर पालिकाओं को पर्याप्त शक्तियां, वित्तीय संसाधन और महिलाओं के लिए सीटें आरक्षित करने का फैसला लिया गया। श्री राय ने कहा कि राजीव की दूरदर्शिता और नेतृत्व के अतुलनीय योगदान को कभी नहीं भुला सकता। उन्होंने सुशासित, शक्तिशाली और जीवंत राष्ट्र के रूप में भारत को आगे बढ़ाया। राजीव जी दूरगामी सोच रखने वाले ऐसे राजनेता थे, जिनके विचार और अवधारणाएं आज भी वैश्विक महत्व रखती हैं।

पानी के महत्व के बारे में लोगो को किया जाए जागरूक : मण्डलायुक्त

मिर्जापुर । मण्डलायुक्त विन्ध्याचल मण्डल बालकृष्ण त्रिपाठी की अध्यक्षता में आयुक्त कार्यालय सभागार में जनपद मीरजापुर, सोनभद्र एवं भदोही में जल जीवन मिशन (ग्रामीण) से सम्बन्धित कार्यो की मण्डलीय समीक्षा बैठक आहूत की गई। मण्डलायुक्त ने सभी कार्यदायी संस्थाओं को निर्देशित करते हुए कहा कि हर घर नल योजना के तहत कराए जा रहे कार्यों की गुणवत्ता का विशेष ध्यान रखें यदि निरीक्षण के दौरान गुणवत्ता संतोषजनक नहीं पायी जाती है तो सम्बन्धित के विरूद्ध कड़ी कार्यवाही की जाएगी। उन्होंने कहा कि जिन-जिन स्थानों पर पानी की टंकी लगाई गई हैं उन सभी स्थानों पर पानी के आने व जाने का समय व सम्बन्धित ऑपरेटर का नाम व

मोबाइल नम्बर लिखवाना सुनिश्चित करें। उन्होंने यह भी कहा कि स्लोगन के माध्यम से जगह-जगह पानी की उपयोगिता के बारे में लोगों को अवगत करायें कि यह पानी पीने के लिए आ रहा है, इसे अन्य किसी उपयोग में न लें। इसके साथ उन्होंने कहा कि पानी के महत्व व पानी आने-जाने का समय पंचायत भवनों व आँगनवाणी केन्द्रों पर भी पेन्टिंग के माध्यम से लिखवायें। जैसे- जल ही जीवन है, इसके बिना सब निर्जन है। ऐसे स्लोगन के माध्यम से लोगों को पानी की महत्ता को समझायें। मण्डलायुक्त ने कहा कि सम्बन्धित विभाग के अधिकारी समय-समय पर पानी की जाँच कराते रहें जिससे यह पता चल सके कि पानी पीने योग्य है अथवा नहीं। उन्होंने सम्बन्धित अधिकारियों को निर्देशित करते हुए कहा कि पानी की जाँच समय-समय पर कराते हुए अवगत करायें। आयुक्त ने कहा कि जो अधिकारी क्षेत्र में पानी की जाँच के लिए जा रहे है जाँच के साथ-साथ लोगों से भी वार्ता कर पानी की गुणवत्ता के बारे में भी जानकारी लें। यह भी कहा कि किसी भी कार्यदायी संस्था को कार्य करने में किसी प्रकार की कठिनाई उत्पन्न हो रही है तो सम्बन्धित मुख्य विकास अधिकारी को अवगत कराए ताकि समस्या का समाधान कराया जा सके।

पुतिन ने किया कुर्स्क क्षेत्र का दौरा

मास्को। रूस के राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन ने कुर्स्क शहर का दौरा किया। पुतिन ने कुर्स्क के नेताओं से मुलाकात की और यहां बन रहे बिजली घर का भी जायजा लिया। बता दें कुर्स्क वही जगह है जहां पिछले साल अगस्त में यूक्रेन की सेना ने हमला किया था और 1100 वर्ग किमी इलाके पर कब्जा कर लिया था। यह हमला इसलिए खास था, क्योंकि द्वितीय विश्व युद्ध के बाद पहली बार किसी विदेशी सेना ने रूस की जमीन पर हमला किया था। पुतिन ने दौरा कर कहा कि अब इस जमीन पर फिर से रूस का कब्जा है। उन्होंने यहां पर बारूदी सुरंगें हटाने के लिए और सैनिक भेजने का आदेश दिया, ताकि लोग अपने घर वापस लौट सकें।

शख्स ने प्राकृतिक चिकित्सा से जीती कैंसर से जंग

एजेंसी

लंदन । बावन साल के एक शख्स ने कैंसर से लड़ने के लिए पारंपरिक इलाज नहीं चुना बल्कि प्रकृति की गोद में जाकर जीवन को गले लगाया झ्रऔर परिणाम चमत्कारी रहे। शख्स को ल्यूकेमिया (ब्लड कैंसर) और लिंफोमा (लसीका ग्रंथि का कैंसर) का पता चला।

डॉक्टरों ने तुरंत कीमोथेरेपी और रेडिएशन का सुझाव दिया, लेकिन उन्होंने यह रास्ता नहीं चुना। उन्होंने खुद पर भरोसा किया और प्रकृति के साथ एक अनोखा प्रयोग शुरू किया। उन्होंने करीब 300 किलोमीटर की दूरी 4 डिग्री सेल्सियस के बर्फीले पानी में तैरकर पूरी की। हर हफ्ते एक रात जंगल में अकेले बिताई और खुद

को बीमारी से लड़ने के बजाय जीवन से प्रेम करने के लिए तैयार किया। उनका विश्वास था कि शरीर में बीमारी से लड़ने की प्राकृतिक शक्ति होती है, बस उसे सही वातावरण चाहिए। पहली बर्फीली तैराकी के बाद उनके खून की जांच में पाया गया कि ल्यूकेमिया पूरी तरह गायब हो चुका है। इसके बाद 10 महीने तक जंगल में समय बिताने के बाद लिंफोमा का भी कोई निशान नहीं बचा। उनके डॉक्टर खुद इस बदलाव को देखकर दंग रह गए। डॉक्टर ने कहा, ह्लअगर मैंने खुद उनका टेस्ट नहीं किया होता, तो कभी विश्वास नहीं करता कि उन्हें कैंसर था।ह्व वैज्ञानिक शोध भी अब इस तरह के प्राकृतिक उपचारों का समर्थन कर रहे हैं। रिसर्च के अनुसार, ठंडे पानी में नियमित रूप से डुबकी लगाने से इम्यून सिस्टम मजबूत होता है। जंगल में बिताया गया समय शरीर के नैचुरल किलर सेल्स को 50 से 200 गुना तक बढ़ा देता है। व्यायाम और सकारात्मक सोच भी कैंसर के दोबारा होने की संभावना को कम करते हैं और जीवन को लंबा करते हैं।

पांच महीने में 2 करोड़ रुपये का ड्रग्स जब्त, 292 लोग गिरफ्तार

एजेंसी

नागपुर। महाराष्ट्र के नागपुर में ड्रग्स का कारोबार बढ़ता जा रहा है। हालांकि नागपुर पुलिस की क्राइम ब्रांच के एंटी नारकोटिक्स स्क्वॉड ने उन लोगों को जड़ से उखाड़ने के लिए एक विशेष अभियान चलाया है जो नागपुर के युवाओं को नशे की इस घातक जाल में फंसा रहे हैं। इसके तहत पिछले 20 दिनों में 1 करोड़ 43 लाख 12 हजार रुपये मूल्य के ड्रग्स जब्त किए गए हैं। महत्वपूर्ण बात यह है कि इन 20 दिनों में 1 किलो 258 ग्राम एमडी ड्रग्स (मेफेड्रोन) का भंडार जब्त किया गया है और 167 आरोपियों को गिरफ्तार किया गया है। आपको ये जानकर हैरानी होगी की अपराधी सुविधाजनक परिवहन सुविधाओं का उपयोग विकास के लिए नहीं, बल्कि ड्रग्स के अवैध परिवहन के लिए कर रहे हैं। चौंकाने वाली सच्चाई सामने आई है कि ड्रग्स की तस्करी में लिप्त अपराधी शहर में बढ़ती बेरोजगारी, जीवनशैली में बदलाव और आज के युवाओं में बढ़ती नशे की प्रवृत्ति का फायदा उठा रहे हैं। हालांकि मादक पदार्थ निरोधक दस्ते ने महज 20 दिनों में 1 करोड़ 43 लाख 12 हजार रुपये मूल्य का ड्रग्स जब्त किया है लेकिन पिछले चार महीनों में की गई कार्रवाई के आंकड़े बहुत संतोषजनक नहीं हैं। पिछले चार महीनों में एंटी नारकोटिक्स स्क्वॉड ने 58 लाख 44 हजार रुपये का ड्रग्स जब्त किया है। इसमें केवल 380 ग्राम

(एमडी) मेफेड्रोन, अफीम और गांजा शामिल है और 125 आरोपियों को गिरफ्तार किया गया है। इस प्रकार, मई के 20 दिनों में की गई कार्रवाई, चार महीनों में की गई कार्रवाई से दोगुनी से भी अधिक है। पिछले कुछ वर्षों में मेफेड्रोन (एमडी) ड्रग्स का प्रयोग तेजी से बढ़ा है। मेफेड्रोन ड्रग्स का सेवन अक्सर पान मसाला जैसे खाद्य पदार्थों के साथ मिलाकर किया जाता है। इसके अलावा, युवा लोग आसानी से सुगंधित तम्बाकू युक्त पान मसाला के साथ नशीली दवाओं का पाउडर खा रहे हैं। इसके साथ ही यह भी सुना जा रहा है कि इन ड्रग्स को अब इंजेक्शन के माध्यम से सीधे रक्तप्रवाह में पहुंचाया जा रहा है, जो अधिक खतरनाक होता जा रहा है। अफीम राजस्थान, गुजरात और मध्य प्रदेश से नागपुर लाई जाती है, जबकि गांजा आंध्र प्रदेश, तेलंगाना, ओडिशा और पूर्वोत्तर राज्यों से लाया जाता है। इसका निपटान यहीं किया जाता है और अन्य राज्यों में वितरित किया जाता है। आलम यह है कि नागपुर मादक पदार्थों की तस्करी का एक प्रमुख पारगमन बिंदु बन गया है। नशे के बढ़ते प्रभाव को रोकने के लिए नागपुर अपराध शाखा द्वारा विशेष अभियान शुरू किया गया है। पूरे शहर में दस्ते सक्रिय कर दिए गए हैं और खुफिया जानकारी मिलते ही जाल बिछाकर ड्रग डीलरों को गिरफ्तार किया जा रहा है। कहा जा रहा है कि नागपुर पुलिस युवाओं का भविष्य अंधकारमय होने से पहले ही जड़ से नष्ट करने के लिए कृतसंकल्प नजर आ रही है। इसके लिए पुलिस ने हेल्पलाइन नंबर 1933 जारी किया है। नागपुर के लोग ड्रग्स की तस्करी और इससे जुड़े मामलों के बारे में राष्ट्रीय नारकोटिक्स हेल्पलाइन नंबर 1933 पर जानकारी दे सकते हैं। इसके अलावा, नशे के आदी लोगों, उनके परिवारों और समाज की सहायता के लिए 24/7 हेल्पलाइन शुरू की गई है। इसके लिए नागरिक 1800110031 नंबर पर संपर्क कर सकते हैं।

चीन ने की पाकिस्तान को अत्याधुनिक जे 35 ए स्टील्थ फाइटर जेट देने की घोषणा

एजेंसी

इस्लामाबाद। पाकिस्तान और चीन के बीच सैन्य सहयोग को और मजबूत कर चीन ने पाकिस्तान को अत्याधुनिक जे-35ए स्टील्थ फाइटर जेट देने की घोषणा की है। यह डिलीवरी अगस्त 2025 में की जाएगी और चीन इस सौदे में पाकिस्तान को 50 प्रतिशत की छूट भी देगा। बताया जा रहा हैं कि चीन इस सौदे के जरिए भारत पर सामरिक दबाव बनाने की रणनीति पर काम कर रहा है।बताया जा रहा हैं कि पाकिस्तान ने चीन से कुल 40 जे-35ए स्टील्थ फाइटर जेट खरीदने का करार किया है। हालांकि इस डील की कुल राशि का खुलासा नहीं हुआ है, लेकिन छूट को देखकर यह रणनीतिक सहयोग का प्रतीक माना जा रहा है। जे-35ए को चीन में एफसी-31 या शेन फी के नाम से भी जाना जाता है, जिसे अमेरिका के एफ-35 जैसे विमानों की टक्कर में तैयार किया गया है।विश्लेषकों का मानना है कि इस डील से पाकिस्तान की वायुसेना को तकनीकी मजबूती मिलेगी और भारत के सामने एक नया सामरिक चुनौती खड़ी हो सकती है। भारत के पास फिलहाल राफेल जैसे 4.5 पीढ़ी के लड़ाकू विमान हैं, लेकिन पूरी तरह से स्टील्थ तकनीक वाला कोई फाइटर जेट नहीं है।भारतीय सुरक्षा विश्लेषकों का मानना है कि इस कदम से भारत को अपने स्वदेशी लड़ाकू विमान कार्यक्रम जैसे एएमसीए और एयर डिफेंस सिस्टम को और तेजी से विकसित करने की जरूरत है।

खास खबर

रॉयल्स और सीएसके के नाम दर्ज हुआ अनचाहा रिकार्ड

मुम्बई । इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल में इस बार दो टीमें लीग स्तर पर दस-दस मैच हारीं हैं। ये टीम हैं राजस्थान रॉयल्स और चेन्नई सुपर किंग्स (सीएसके)। ये पहली बार है जब रॉयल्स 10 मैच हारी है। वह इस बार 14 मैचों में से केवल 4 में जीती है। रॉयल्स अंक तालिका में नौवें स्थान पर है। वहीं पांच बार की विजेता सीएसके दूसरी बार दस मैच हारी है। सीएसके इससे पहले साल 2022 में भी 10 मैच हारी थी। वहीं आईपीएल इतिहास की बात करें तो इससे पहले भी सात टीमें दस-दस मैच हारी हैं। ये टीमें हैं। कोलकाता नाइट राइडर्स (केकेआर), रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु (आरसीबी), मुंबई इंडियंस (एमआई), पुणे वॉरियर्स, डेक्कन चार्जर्स, दिल्ली कैपिटल्स और सनराइजर्स हैदराबाद। वहीं पंजाब किंग्स की टीम आज तक तीन बार लीग स्तर पर साल 2010 , 2015 और 2016 में दस-दस मैच हारी है।

रंजीता उज्बेकिस्तान में करेंगी भारत का प्रतिनिधित्व

जगदलपुर। अंतरराष्ट्रीय जूडो महासंघ के द्वारा उज्बेकिस्तान के तस्कीन में उज्बेकिस्तान जूडो संघ द्वारा एशिया कप जूडो प्रतियोगिता का आयोजन 22 से 25 मई तक किया जा रहा है। इस अंतरराष्ट्रीय आयोजन में छत्तीसगढ़ के कोंडागांव जिले की कुमारी रंजीता कुरेटी 52 किलो वजन वर्ग में भारत का प्रतिनिधित्व करेंगी। जिला जूडो संघ बस्तर के सचिव एवं प्रदेश जूडो संघ के संयुक्त सचिव अब्दुल मोईन ने बुधवार को प्रदेश संघ के अध्यक्ष अरुण द्विवेदी के हवाले से बताया कि दिल्ली पब्लिक स्कूल भिलाई की स्पोर्ट्स ऑफिसर, राष्ट्रीय जूडो चैंपियन, ब्लेक बेल्ट थर्ड डॉन और अंतरराष्ट्रीय निर्णायक किरण राव भी उक्त प्रतियोगिता में निर्णायक की महत्वपूर्ण जिम्मेदारी निभाने उज्बेकिस्तान रवाना हो गई हैं। रंजीता कुरेटी और किरण राव दोनों आज बुधवार रात को उज्बेकिस्तान पहुंच जायेंगी। इन दोनों की उपलब्धि पर छत्तीसगढ़ प्रदेश जूडो संघ के अध्यक्ष अरुण द्विवेदी, महासचिव शम्भू सोनी, संयुक्त सचिव अनीस मेमन, अंतरराष्ट्रीय निर्णायक शेख शरीफ, सरजीत सिंह बक्शी, परमजीत सिंह, राजकुमार जायसवाल सहित समस्त जिला संघो के पदाधिकारियों ने बधाई दी है।

मध्य प्रदेश लीग की शुरूआत 12 जून से

ग्वालियर। शंकरपुर स्थित श्रीमंत माधवराव सिंधिया क्रिकेट स्टेडियम में 12 जून से मध्य प्रदेश लीग (एमपीएल) का नया सीजन शुरू होने जा रहा है। पहले इसका आयोजन इंदौर में किया जाना था, लेकिन मौसम की परिस्थितियों और इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) के देर से समापन के कारण इस वर्ष एमपीएल को इंदौर से स्थानांतरित कर ग्वालियर में आयोजित किया जा रहा है। पिछले वर्ष एमपीएल के पहले संस्करण की मेजबानी भी ग्वालियर ने ही की थी, जिससे यह स्थान खिलाड़ियों और आयोजकों दोनों के लिए परिचित है। ग्वालियर डिवीजन क्रिकेट एसोसिएशन (जीडीसीए) द्वारा मध्य प्रदेश क्रिकेट एसोसिएशन के तत्वावधान में आयोजित यह लीग मूल रूप से 27 मई से इंदौर में शुरू होने वाली थी, लेकिन आईपीएल के शेड्यूल में बदलाव के चलते निर्धारित कार्यक्रम से मेल खा रही थी।

हरियाणा और दिल्ली ने मणिपुर को हराकर जीता स्वर्ण

एजेंसी

दीव। हरियाणा और दिल्ली ने बुधवार को खेलो इंडिया बीच गेम्स 2025 में क्रमशः महिला और पुरुष ट्रीयो टीम फाइनल में पारंपरिक सेपक टकरा की ताकतवर मणिपुर को हराकर स्वर्ण पदक जीता।महिलाओं के फाइनल में हरियाणा ने अनुभवी मणिपुर की टीम के खिलाफ 2-1 से जीत हासिल की। मणिपुर को भारत में सेपक टकरा का गढ़ माना जाता है। कप्तान 20 वर्षीय मोनिका की अगुवाई में हरियाणा की महिला सेपक टकरा टीम ने शीर्ष सम्मान हासिल करने के लिए उत्साह और युवा जोश से भरपूर प्रदर्शन किया।मैच के बाद मोनिका ने कहा, ह्लटीम के लिए यह जीत हासिल करना और स्वर्ण पदक जीतना मुझे बहुत खुशी है। हमें पता था कि वे मजबूत हैं, लेकिन हमने अपना दबदबा नहीं खोया। उन्होंने अपनी जीत का श्रेय चरखी दादरी, भिवानी और रोहतक जैसे शहरों में की गई कड़ी आउटडोर प्रैक्टिस को दिया। उन्होंने कहा, ₹हम आउटडोर ग्राउंड पर ट्रेनिंग करते हैं, जिससे हमें बीच की सतह के हिसाब से ढलने में मदद मिली। यह प्लेटफॉर्म हमें काफी बढ़ावा देगा। पुरुष वर्ग में दिल्ली ने रोमांचक फाइनल में मणिपुर को 2-1 से हराया। दिल्ली टीम के कप्तान 35 वर्षीय संदीप कुमार ने बताया कि अचानक परिस्थितियों में आए बदलाव ने कैसे अहम भूमिका निभाई। राष्ट्रीय राजधानी में यमुना नदी के किनारे मजनू का टीला के पास टीम के साथ अभ्यास करने वाले संदीप ने कहा, ₹बारिश से पहले हम पहला रेगुलेशन हार गए थे, लेकिन मौसम हमारे पक्ष में हो गया।₹ उन्होंने कहा, ₹खेलो इंडिया बीच गेम्स एक बेहतरीन मौका है। हम स्वर्ण जीतने के स्पष्ट लक्ष्य के साथ आए थे। मणिपुर हमेशा से एक मजबूत प्रतिद्वंद्वी रहा है, लेकिन हम भी मजबूत हैं। दोनों टीमों ने राष्ट्रीय स्तर पर कई स्वर्ण पदक साझा किए हैं।₹ मणिपुर के लिए दो उलटफेर का मतलब दो रजत पदक हैं। नागालैंड और उत्तर प्रदेश ने महिलाओं की स्पर्धा में कांस्य पदक जीता, जबकि असम और तमिलनाडु ने पुरुषों की स्पर्धा में कांस्य पदक जीता।

अश्विन को बाहर कर किसी युवा खिलाड़ी को शामिल करे सीएसके : मूडी

एजेंसी

मुम्बई। ऑस्ट्रेलिया के पूर्व क्रिकेटर टॉम मूडी ने चेन्नई सुपर किंग्स (सीएसके) टीम से कहा है कि वह अनुभवी स्पिनर आर अश्विन को रिजीज कर दे और उससे बचने वाली रकम से युवा खिलाड़ियों को शामिल करे। आईपीएल के इस सत्र में सीएसके का प्रदर्शन बेहद खराब रहा है और उसे 12 मैचों में से केवल तीन में ही जीत मिली है। गौरतलब है कि सीएसके ने पिछले साल हुई मेगा नीलामी में अश्विन को 9.75 करोड़ रुपये में खरीदा था। इससे पहले अश्विन ने साल 2015 में सीएसके की ओर से खेला था।

अश्विन का इस सत्र में प्रदर्शन अच्छा नहीं रहा और वह आठ मैचों में केवल पांच विकेट ही ले पाये। वह केवल एक मैच में पंजाब किंग्स के खिलाफ ही देकर दो विकेट लिए। इसके अलावा अश्विन निचले क्रम पर रन भी नहीं बना पाये। मूडी ने कहा, सीएसके हमेशा अनुभवी खिलाड़ियों को शामिल करता रहा है। इसी कारण उसने अश्विन को शामिल किया है। आईपीएल के दौरान यही रणनीति उसके लिए कारगर रही है पर अब ऐसा नहीं हो रहा। इसलिए उसे प्रदर्शन नहीं कर रहे अश्विन जैसे महंगे खिलाड़ी को बाहर करना चाहिये। । मूडी ने कहा, वह नीलामी में 10 करोड़ के करीब गए और ये काफी पैसे हैं जबकि उनकी अंतिम ग्यारह में जगह भी पक्की नहीं है। इसलिए टीम को उन्हें रिलीज करने के बारे में विचार करना चाहिये।

अंतरराष्ट्रीय मुकाबलों में उतरेंगी भारतीय महिला बॉक्सर

एजेंसी

नई दिल्ली। पेरिस ओलंपिक के बाद पहली बार भारतीय महिला मुक्केबाज अंतरराष्ट्रीय रिंग में उतरने के लिए तैयार हैं। भारतीय बॉक्सर दो बड़े टूनार्मेंट थाईलैंड ओपन और वर्ल्ड बॉक्सिंग कप में हिस्सा लेंगी। थाईलैंड ओपन 24 मई से बैंकॉक में खेला जाएगा, जबकि वर्ल्ड बॉक्सिंग कप का आयोजन 30 जून से अस्ताना, कजाखस्तान में किया जाएगा। थाईलैंड ओपन में उतरेंगी रजत पदक विजेता, वर्ल्ड भारतीय बॉक्सिंग फेडरेशन (बीएफआई) की नई चयन नीति के अनुसार, वर्ल्ड बॉक्सिंग कप में राष्ट्रीय चैंपियन उतरेंगी, जबकि थाईलैंड ओपन में रजत पदक विजेताओं को मौका मिलेगा। यह चयन प्रक्रिया पुरुष और महिला दोनों वर्गों पर समान रूप से लागू की गई है।ओलंपिक साइकिल के दौरान बीएफआई के राष्ट्रीय कैंप्स में देरी और महिला राष्ट्रीय चैंपियनशिप को कई बार स्थगित किए जाने के चलते भारतीय मुक्केबाजों को एशियन चैंपियनशिप और स्ट्रैंडजा मेमोरियल जैसे अहम टूनार्मेंटों से बाहर रहना पड़ा। पुरुष बॉक्सर्स ने अप्रैल में वर्ल्ड बॉक्सिंग कप के जरिए वापसी कर ली थी, लेकिन महिलाओं के राष्ट्रीय मुकाबले मार्च के अंत में आयोजित होने के कारण उन्हें देर से मौका मिला। बीएफआई के चुनाव फिलहाल अनिश्चितकाल के लिए स्थगित हैं। ऐसे में विश्व बॉक्सिंग संस्था द्वारा गठित अंतरिम समिति भारतीय मुक्केबाजी से जुड़ी सभी गतिविधियों का संचालन कर रही है। भारतीय महिला बॉक्सर्स की यह वापसी अंतरराष्ट्रीय मंच पर उनके लिए एक अहम अवसर होगी, जहां वे अपने कौशल और आत्मविश्वास का प्रदर्शन कर सकेंगी।

प्रणय और करुणाकरण दूसरे दौर में, सिंधु बाहर

एजेंसी

नई दिल्ली। मलेशिया मास्टर्स बैडमिंटन टूनार्मेंट 2025 में भारत के एच.एस. प्रणय और सतीश करुणाकरण ने शानदार जीत दर्ज करते हुए पुरुष सिंगल्स के दूसरे दौर में जगह बना ली है। हालांकि, दो बार की ओलंपिक पदक विजेता पी.वी. सिंधु का सफर पहले ही दौर में समाप्त हो गया। प्रणय ने दिन की शुरूआत करते हुए जापान के पांचवीं वरीयता प्राप्त केंटा निशिमोटो को कड़े मुकाबले में 19-21, 21-17, 21-16 से हराया। यह मैच एक घंटे 22 मिनट तक चला। इसके बाद सतीश करुणाकरण ने भी बड़ा उलटफेर करते हुए ताइवान के तीसरी वरीयता प्राप्त चोउ तिएन चेन को सिर्फ 39 मिनट में 21-13, 21-14 से हराकर टूनार्मेंट से बाहर कर दिया। पुरुष खिलाड़ियों के लिए यह दिन शानदार रहा, क्योंकि भारत के युवा खिलाड़ी आयुष शेट्टी ने भी ब्रायन यांग (कनाडा) को 20-22, 21-10, 21-8 से हराकर अगले दौर में प्रवेश किया। वहीं, महिला एकल में पी.वी. सिंधु का खराब फॉर्म जारी रहा। वह सुपर 500 श्रेणी के इस टूनार्मेंट के पहले दौर में वियतनाम की गुयेन थुई लिन्ह के खिलाफ 11-21, 21-14, 15-21 से हारकर बाहर हो गईं।

लॉस एंजिल्स ओलंपिक की तैयारियों में लगी है भारतीय महिला हॉकी टीम

एजेंसी

नई दिल्ली । भारतीय महिला हॉकी टीम 2028 लॉस एंजिल्स ओलंपिक के लिए अभी से तैयारियों में लगी है। हॉकी इंडिया ने टीम की तैयारियों के लिए नीदरलैंड के दिग्गज ड्रैग फ्लिक ताइके ताइकेमा से भी करार किया है। इसी के तहत ताइकेमा टीम की इस कमजोरी को भी कम करने में लगे हैं। ताइकेमा ने भुवनेश्वर में प्रो लीग से पहले सात दिवसीय शिविर में भी भारतीय खिलाड़ियों को प्रशिक्षण दिया था। भारत ने प्रो लीग के घरेलू चरण में इंग्लैंड, जर्मनी, नीदरलैंड और स्पेन के खिलाफ अच्छा प्रदर्शन किया था। ताइकेमा के मार्गदर्शन में शिविर का मुख्य उद्देश्य तकनीकी कौशल को निखारने के साथ ड्रैग फ्लिक की सटीकता में सुधार करना था। भारतीय महिला टीम के मुख्य कोच हरेंद्र सिंह ने कहा कि शिविर खिलाड़ियों के लिए बहुत फायदेमंद रहा और ताइकेमा लॉस एंजिल्स खेलों तक अल्पकालिक आधार पर टीम के साथ काम करना जारी रखेंगे। उन्होंने कहा, ताइकेमा ड्रैग फ्लिक के मामले में सबसे महान दिग्गजों में से एक हैं। वह तकनीक को निखारने और ड्रैग फ्लिक की प्रक्रिया को आसान बनाने के लिए टीम के साथ काम कर रहे हैं। हरेंद्र ने कहा, ड्रैग फ्लिक करना एक विशिष्ट कौशल है और ताइकेमा भविष्य के शिविर में भी हमारे साथ काम करना जारी रखेंगे।

छेत्री ने भारतीय महिला फुटबॉल टीम का बढ़ाया उत्साह

बेंगलुरु। भारतीय महिला फुटबॉल टीम आजकल एएफसी महिला एशियाई कप 2026 क्वालिफायर्स की तैयारी में लगी है। सेंटर फॉर स्पोर्ट्स एक्सीलेंस में अभ्यास कर रहे खिलाड़ियों का उत्साह भारतीय पुरुष फुटबॉल टीम के पूर्व कप्तान सुनील छेत्री ने बढ़ाया है। छेत्री ने प्रशिक्षण शिविर मेंखिलाड़ियों को प्रेरित करते हुए कहा कि वे अपने सपनों को हासिल करने के लिए पूरी ताकत लगा दें। छेत्री ने इस दौरान खिलाड़ियों से कहा कि समय तेजी से आगे निकल जाता है। इसलिए अगर आप वास्तव कुछ हासिल करना चाहते हैं तो छोटी-छोटी चीजों का ध्यान रखें। साथ ही कहा कि एक रात 10 बजे सोने और 10.45 बजे सोने में ज्यादा फर्क नहीं पड़ता लेकिन इसे एक साल तक करें, फिर देखें क्या बदलाव आता है।

केकेआर ने अंतिम समय पर नियम बदले जाने पर उठाये सवाल

एजेंसी

मुम्बई । कोलकाता नाइट राइडर्स (केकेआर) ने आईपीएल के 18 वें सत्र से बाहर होने के बाद मैच की टाइमिंग वाले नियम में बदलाव पर सवाल उठाये हैं। केकेआर प्रबंधन को कहाना है कि इससे उसने नुकसान पहुंचा है और वह प्लेऑफ की दौड़ से बाहर हो गयी। केकेआर ने इस मामले में अपनी नाराजगी भारतीय क्रिकेट बोर्ड (बीसीसीआई) से भी जाहिर की है। उसका कहना है कि बीसीसीआई ने प्लेइंग कंडीशन्स में एक बदलाव करते हुए मैच को पूरा करने के लिए अतिरिक्त 60 मिनट दिए। एक रिपोर्ट के अनुसार केकेआर ने बीसीसीआई को पत्र लिखकर इसी बदलाव की आलोचना की है। आईपीएल के सीओओ हेमांग अमीन को लिखे ई मेल में कोलकाता नाइट राइडर्स के सीईओ वेंकी मैसूर ने कहा, अगर में सत्र के बीच में बदलाव जरुरी थे तो वे पहले किये जा सकते थे।

वेंकी का कहना था कि अगर ऐसा विस्तार पहले किया गया होता, तो 17 मई को रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरू के खिलाफ उनका मैच बारिश के कारण रद्द नहीं होता। उन्हें लगता है कि अतिरिक्त समय की वजह से पांच ओवर का खेल हो सकता था। केकेआर ने सीईओ ने कहा, जब आईपीएल दोबारा शुरू हुआ तो 17 मई को केकेआर और आरसीबी मैच में सभी को बारिश का अंदेशा था। उन्होंने कहा कि अब लागू किए जा रहे अतिरिक्त 120 मिनट कम से कम 5 ओवर के खेल का मौका भी हमने खो दिया। बारिश के कारण मैच रद्द होने की वजह से केकेआर की टीम मुकाबले से बाहर हो गई। फिलहाल वे 13 मैचों में 12 अंकों के साथ छठे स्थान पर हैं और वे अधिकतम 14 अंक तक पहुंच सकते हैं। इस सत्र उनके दो मैच बारिश के कारण रद्द हुए हैं। मैसूर ने आगे कहा, बारिश के कारण केकेआर के प्लेऑफ में पहुंचने की संभावना समाप्त हो गई। साथ ही कहा कि इस तरह के अचानक लिए फैसले और उन्हें लागू करने में एकरुपता की कमी इस स्तर के टूनार्मेंट के लिए सहित नहीं है। मुझे भरोसा है कि आप भी समझते होंगे कि हम क्यों दुखी हैं। सिर्फ केकेआर ही नहीं, बल्कि कुछ अन्य टीमें भी इस नियम के लागू होने से खुश नहीं हैं क्योंकि नियमों में ये बदलाव उस समय हुआ, जब 70 में से 62 लीग मैच खेले जा चुके थे।

विराट अपने आक्रामक अंदाज से विरोधी टीमों पर दबाव बनाते हैं : शास्त्री

एजेंसी

नई दिल्ली । भारतीय क्रिकेट टीम के पूर्व कोच रवि शास्त्री ने अनुभवी बल्लेबाज विराट कोहली की जमकर प्रशंसा करते हुए कहा है कि वह अपने खेल और आक्रामक अंदाज से विरोध टीमों पर दबाव बना देते थे। शास्त्री जब भारतीय टीम के कोच थे। उसी दौरान विराट टीम के कप्तान थे। इस जोड़ी को मिलकर भारतीय क्रिकेट को आक्रामक और विजेता इकाई में बदलने के लिए जाना जाता है। शास्त्री ने कहा कि कोहली के काम करने का अंदाज उन्हें विश्व का सबसे फिट खिलाड़ी बनाता है। अपने जुनून से उन्होंनें भारतीय टीम को दुनिया की सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करने वाली टीम में बदला है। वह मैदान पर केवल खेलने नहीं, बल्कि विरोधी टीम पर हावी होने और अपनी अगल शैली से भारतीय क्रिकेट के सबसे विशेष कप्तान बनने के लिए उतरते थे। कोहली हमेशा अपनी टीम के साथियों ही नहीं विरोधी टीम के खिलाड़ियों को सलाह देने के लिए भी हमेशा तैयार रहे थे। शास्त्री ने कहा कि कई बार उन्होंने दूसरी टीमो के खिलाड़ियों को भी विराट के पास आते देखा है। विपक्षी खिलाड़ी भी कोहली से सलाह लेने आते थे, और कोहली उत्साह से उनकी मदद करते थे।

शास्त्री ने कहा कि विराट की कार्यशैली का भारतीय टीम पर जबरदस्त प्रभाव पड़ा। इसी कारण वह भारतीय टीम को विश्व क्रिकेट की सबसे फिट और शानदार प्रदर्शन करने वाली टीम में बदलने में सफल रहे। वह विरोध टीमों के लिए डर का नाम थे पर अपने साथियों के लिए दोस्त और मार्गदर्शक। मैंने विपक्षी खिलाड़ियों को उनसे सलाह लेते देखा और विराट हमेशा मदद को तैयार रहते थे। मैंने उन्हें बेहतरीन बल्ले गिफ्ट करते देखा, क्योंकि वह असुरक्षित प्रतिस्पर्धी नहीं थे।

ऋषभ का वापसी करना तय : मार्श

एजेंसी

नई दिल्ली । लखनऊ सुपर जाइंट्स के बल्लेबाज ऑस्ट्रेलिया के मिचेल मार्श ने माना है कि उनकी टीम के कप्तान ऋषभ पंत इस सत्र में अच्छा प्रदर्शन नहीं कर पाये। मार्श के अनुसार कभी-कभी क्रिकेट में ऐसा भी होता है। ऋषभ इस सत्र के 12 मैचों में केवल 135 रन ही बना पाये हालांकि मार्श का मानना है कि वह ये बात स्वीकार करने वाले पहले व्यक्ति होंगे कि उनका प्रदर्शन खराब था। यह साल 2016 में पदार्पण करने के बाद से उनका आईपीएल में अब तक का सबसे खराब प्रदर्शन रहा है। मार्श को उम्मीद है कि ऋषभ सुपरजाइंट्स के आखिरी दो मैच में अच्छा प्रदर्शन करेंगे, हालांकि ये केवल औपचारिक मुकाबले होंगे। उन्होंने कहा, ह्यहम सभी जानते हैं कि वह एक बेहतरीन खिलाड़ी हैं, इसलिए उसका वापसी करना तय है। मार्श ने कहा कि 14वें लीग मैच के खत्म होने के बाद सभी के प्रदर्शन की जांच की जा सकती है। मार्श ने कहा, ह्यमुझे लगता है कि शायद इस सत्र के बाद आत्मचिंतन का समय आएगा। मेरा ध्यान बस अपनी टीम और अपनी फ्रेंचाइजी के लिए अगले दो मैच जीतने के प्रयास करना है। साथ ही कहा कि आईपीएल एक बहुत बड़ा टूनार्मेंट है और इसमें जीत का अंतर बहुत कम होता है। उन्होंने कहा, ह्यहमने पूरे सत्र में कुछ करीबी मैच गंवाए इसी कारण हम प्लेऑफ के लिए भी जगह नहीं बना पाये हैं पर हमारा प्रयास है कि हम जितना संभव हो सके इस सत्र को जीत के साथ समाप्त करें।

वेस्टइंडीज वनडे सीरीज से बाहर हुए क्रेग यंग और कर्टिस कैंफर

- यंग की हैमस्ट्रिंग और कैंफर की फ्रैक्चर बनी वजह
- डोहेनी और नील को मिला मौका

एजेंसी

नई दिल्ली। वेस्टइंडीज के खिलाफ 21 मई से डबलिन में शुरू हो रही वनडे सीरीज से पहले आयरलैंड टीम को बड़ा झटका लगा है। तेज गेंदबाज क्रेग यंग और ऑलराउंडर कर्टिस कैंफर चोटिल होकर सीरीज से बाहर हो गए हैं। दोनों की जगह युवा खिलाड़ियों को मौका दिया गया है। यंग की जगह जॉर्डन नील और कैंफर की जगह विकेटकीपर बल्लेबाज स्टीफन डोहेनी को टीम में शामिल किया गया है। क्रेग यंग को यह चोट इंटर-प्रोविंशियल कप के एक मुकाबले में लगी थी जब वे नॉर्थ वेस्ट वॉरियर्स की ओर से खेलते हुए अपना नौंवा ओवर पूरा नहीं कर सके। उन्होंने 8.5 ओवर में 49 रन देकर 1 विकेट लिया और आखिरी गेंद पर बैरी मैकार्थी को आउट किया। वहीं, कर्टिस कैंफर की चोट हाल ही में नेट अभ्यास के दौरान लगी। बल्लेबाजी करते समय उनकी उंगली में फ्रैक्चर हो गया, जिससे वे सीरीज से बाहर हो गए। आयरलैंड के मुख्य चयनकर्ता एंड्रयू व्हाइट ने कहा, ₹हमारे पास अब एक लंबी चोटिल खिलाड़ियों की सूची है, जिसमें मार्क अडायर, ग्राहम ह्यूम, क्रेग यंग, फियॉन हैंड और कर्टिस कैंफर शामिल हैं। यह सीरीज हमारे खिलाड़ियों की गहराई की परीक्षा होगी, लेकिन यह युवाओं के लिए मौका भी है कि वे विश्वस्तरीय टीम के खिलाफ खुद को साबित करें। कप्तान पॉल स्टर्लिंग ने भी इसे सकारात्मक रूप से देखा। उन्होंने कहा, ₹खेल में चोटें लगती हैं, लेकिन इससे नए खिलाड़ियों को थोड़ा पहले ही मौका मिल जाएगा। ज्यादा खिलाड़ियों को अनुभव मिलना भविष्य के लिए फायदेमंद रहेगा। स्टीफन डोहेनी ने हाल ही में मुनस्टर रेड्स की ओर से नॉर्दर्न नाइट्स के खिलाफ घरेलू वनडे टूनार्मेंट में शतक जड़ा था। उनके पास 11 वनडे और 3 टी20 अंतरराष्ट्रीय मैचों का अनुभव है।

वहीं, 19 वर्षीय जॉर्डन नील इस सीरीज के लिए शामिल किए गए चौथे अनकैप्ड खिलाड़ी बन गए हैं। इससे पहले केड कारमाइकल, थॉमस मेयस और लियाम मैकार्थी को भी टीम में शामिल किया जा चुका है।तीनों वनडे मुकाबले डबलिन में 21, 23 और 25 मई को खेले जाएंगे। इसके बाद टी20 सीरीज जून में 12, 14 और 15 तारीख को ब्रेडी में होगी।

मलेशिया में मास्टर्स बैडमिंटन टूर्नामेंट में महिलाओं के युगल मुकाबले में खेलती हुई एप्रियानी रहायू व फेबी सेटीयानगुरम।

गुनगुने पानी में मिक्स कर लें किचन में रखी ये दो चीजें

सुबह-सुबह पीने से सुधर जाएगी पेट की सेहत

क्या आप जानते हैं कि अगर आप हर रोज सुबह गुनगुने पानी में हल्दी और शहद को मिलाकर पिएंगे, तो आपकी सेहत पर कितने सारे पॉजिटिव असर पड़ सकते हैं?

हल्दी-शहद का पानी

अगर आप खुद को सेहतमंद बनाए रखना चाहते हैं, तो आपको अपनी गट हेल्थ की अच्छी तरह से देखभाल करनी चाहिए। पेट से जुड़ी समस्याओं को दूर करने के लिए आप औषधीय गुणों से भरपूर इस नेचुरल ड्रिंक को अपने डेली डाइट प्लान का हिस्सा बना सकते हैं। इस ड्रिंक को बनाने के लिए आपको हल्दी और शहद की जरूरत पड़ेगी। हल्दी और शहद, दोनों ही चीजों को दादी-नानी के जमाने से सेहत के लिए काफी ज्यादा फायदेमंद माना जाता रहा है।

कैसे बनाएं हल्दी-शहद का पानी?

सबसे पहले पानी को हल्का गर्म या फिर गुनगुना कर लीजिए। अब एक गिलास पानी में आपको आधी चम्मच हल्दी और एक स्पून शहद डालकर अच्छी तरह से मिक्स कर लेना है। बेहतर परिणाम हासिल करने के लिए आपको सुबह-सुबह खाली पेट इस ड्रिंक का सेवन करना चाहिए। हर रोज हल्दी और शहद के पानी को पिएं और महज कुछ ही हफ्तों के अंदर खुद-ब-खुद पॉजिटिव असर देखें।

गट हेल्थ सुधारने में कारगर

अगर आप अपनी गट हेल्थ को सुधारना चाहते हैं, तो इस ड्रिंक का सेवन कर सकते हैं। हल्दी और शहद में पाए जाने वाले तमाम पोषक तत्व पेट से जुड़ी समस्याओं को दूर करने में मददगार साबित हो सकते हैं। इसके अलावा इस ड्रिंक को पीकर आप अपने शरीर से विषाक्त पदार्थों को बाहर निकालने में असरदार साबित हो सकते हैं।

सेहत के लिए फायदेमंद

क्या आप अपनी इम्यूनिटी को बूस्ट करना चाहते हैं? अगर हां, तो हर रोज इस ड्रिंक का सेवन करना शुरू कर दीजिए। सर्दी-जुकाम जैसी समस्या से छुटकारा पाने के लिए भी इस ड्रिंक को कंज्यूम किया जा सकता है। इसके अलावा हल्दी और शहद का पानी दिल से जुड़ी गंभीर और खतरनाक बीमारियों के खतरे को कम कर सकता है। इस ड्रिंक में मौजूद तत्व आपकी सेहत के साथ-साथ आपकी त्वचा के लिए भी फायदेमंद साबित हो सकते हैं।

सुबह के ब्रेकफास्ट और शाम के नाश्ते के लिए है एकदम परफेक्ट

चॉकलेट बनाना ओटमील, गर्मियों में एक हल्का, स्वादिष्ट और सेहतमंद नाश्ता या सुबह का बढ़िया विकल्प हो सकता है। यह रेसिपी न केवल झटपट बन जाती है, बल्कि बच्चों और बड़ों दोनों को पसंद आती है। ठंडी ओटमील में चॉकलेट का स्वाद और केले की मिठास मिलकर एक ताजगी भरा अनुभव देते हैं। यह फाइबर, प्रोटीन और एनर्जी से भरपूर होती है, जिससे दिन की अच्छी शुरुआत होती है या शाम का हल्का नाश्ता बन जाता है।

चॉकलेट बनाना ओटमील के लिए क्या चाहिए?

- 1/2 कप ओट्स - 1 कप पानी या दूध
- 1 पका हुआ केला (कटा हुआ) - 1-2 बड़े चम्मच कोको पाउडर
- 1 बड़ा चम्मच शहद या मेपल सिरप (वैकल्पिक)
- चॉकलेट चिप्स या फ्रूट्स (वैकल्पिक)

चॉकलेट बनाना ओटमील कैसे बनाएं?

एक बर्तन में पानी या दूध को उबालें और फिर इसमें ओट्स डालकर अच्छे से उबाल लें।

अब आप केले को मेश करें और उन्हें ओट्स में मिला लें।

इसके बाद इसमें कोको पाउडर और मिठास के लिए शहद/मेपल सिरप मिलाएं।

सभी चीजों को अच्छे से पका लें और फिर इसे गैस से उतार लें।

सर्व करते समय आप अपनी मील पर चॉकलेट चिप्स या फ्रूट्स डालना चाहते हैं तो डाल सकते हैं।

गर्मियों की सबसे बड़ी काट है मुलेठी, दिमाग ही नहीं, शरीर को भी रखता है ठंडा

चिलचिलाती धूप, तपती धरती, बहता पसीना और गर्म हवाओं के थपेड़े में राहत देने वाली चीज है मुलेठी। आयुर्वेदाचार्य बताते हैं कि गर्मी के मौसम में शरीर को ठंडा रखने के लिए ठंडी तासीर वाली चीजें खाना जरूरी है। इसका बोहतरीन विकल्प है मुलेठी, यह न केवल शरीर बल्कि मन को भी ठंडा-ठंडा कूल-कूल रखता है। छोटी-मोटी स्वास्थ्य समस्याओं के साथ ही कैंसर जैसी गंभीर बीमारी को दूर करने में भी मुलेठी का इस्तेमाल होता है। हांगकांग बैपटिस्ट यूनिवर्सिटी के एक नए अध्ययन से पता चला कि मुलेठी कैंसर के इलाज में कारगर है। इसमें मौजूद आइसोलिक्युरिटिजेनिन नामक तत्व अग्नाशय कैंसर समेत कई बीमारियों के लक्षणों को दबाने में कारगर होता है। पंजाब स्थित बाबे के आयुर्वेदिक मेडिकल कॉलेज एवं अस्पताल के डॉ.प्रमोद आनंद तिवारी बताते हैं कि जिन लोगों को गर्मी बर्दाश्त नहीं होती या लू जल्दी लग जाती है, उन्हें इसका सेवन करना चाहिए। इससे शरीर को ठंडक मिलती है। यही नहीं, मुलेठी के पाउडर के साथ ही काढ़ा भी शरीर को ठंडक देने में मदद करता है। काढ़ा पीने से कई स्वास्थ्य समस्याओं में भी फायदे मिलते हैं। उन्होंने बताया, मुलेठी का काढ़ा शरीर और दिमाग के साथ ही पेट की गर्मी को भी शांत करता है। ठंडी तासीर के कारण यह पाचन संबंधित समस्याओं से राहत देता है। नियमित रूप से इसके सेवन से वात, अपच, कच्ची डकार, कब्ज जैसी समस्याएं भी खत्म होती हैं। औषधीय गुणों से भरपूर मुलेठी हार्ट ब्लॉकेज रोकने में मददगार होती है। मुलेठी का सेवन रक्त संचार को बेहतर बनाता है, जिससे हृदय तक रक्त का प्रवाह सुचारू रहता है और हार्ट ब्लॉकेज की आशंका कम हो जाती है। मुलेठी में एंटीऑक्सिडेंट और प्रोटीन जैसे तत्व हृदय की मांसपेशियों को मजबूत करते हैं और सूजन भी कम होती है, जिससे हार्ट अटैक का खतरा कम हो जाता है। मुलेठी का सेवन कोलेस्ट्रॉल के स्तर को नियंत्रित करता है।

हृदय रोग के मरीजों को तीन से पांच ग्राम मुलेठी के चूर्ण को 15 से 20 ग्राम मिश्री वाले पानी के साथ रोजाना सेवन करने की सलाह दी जाती है, जिससे हृदय की सेहत में सुधार होता है और हार्ट ब्लॉकेज का खतरा भी कम होता है। मुलेठी में एंटी-इंफ्लेमेटरी गुण हृदय की सूजन और तनाव को कम करने में कारगर होते हैं, जो हृदय रोगों की रोकथाम में अहम भूमिका निभाते हैं।

हार्ट ब्लॉकेज के अलावा मुलेठी का सेवन मुंह के छाले, गला बैठने, गले की खराश और खांसी के लिए भी किया जाता है। पुरानी से पुरानी खांसी भी इसके रस के सेवन से खत्म हो जाती है।

डॉक्टर प्रमोद तिवारी ने यह भी बताया कि बिना डॉक्टर की सलाह के मुलेठी का सेवन नहीं करना चाहिए। गर्भवती महिलाओं को मुलेठी का सेवन डॉक्टर की सलाह के बाद ही करना चाहिए।

दो हफ्ते में ज्यादा से ज्यादा वजन कम करने के लिए इन बातों पर ध्यान दें

अगर आप भी अपना वजन कम करना चाहते हैं और एक स्वस्थ जीवनशैली अपनाना चाहते हैं, तो यहां कुछ प्रभावी टिप्स दिए गए हैं जो आपको अपने लक्ष्य तक पहुंचने में मदद कर सकते हैं। फिटनेस कोच मैडी डायल्स की ये आदतें न केवल वजन घटाने में मदद करेंगी, बल्कि एक स्वस्थ जीवनशैली को भी बढ़ावा देंगी।

वजन कम करना एक आम लक्ष्य है, लेकिन इसे हासिल करने के लिए अक्सर सही जानकारी और रणनीति की आवश्यकता होती है। अगर आप भी अपना वजन कम करना चाहते हैं और एक स्वस्थ जीवनशैली अपनाना चाहते हैं, तो यहां कुछ प्रभावी टिप्स दिए गए हैं जो आपको अपने लक्ष्य तक पहुंचने में मदद कर सकते हैं। इन टिप्स में सही डाइट और एक्सरसाइज के साथ-साथ अच्छी नींद और तरल पदार्थों का सेवन शामिल है, जो वजन प्रबंधन में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं।

फिटनेस कोच मैडी डायल्स ने अपने जीवन में एक बड़ा बदलाव लाया है, जब उन्होंने 68 किलो वजन कम किया। वह अपने इंस्टाग्राम प्रोफाइल पर नियमित रूप से डाइट और वर्कआउट टिप्स के साथ अपने वजन घटाने के सफ़र को साझा करती हैं। हाल ही में, मैडी ने वजन घटाने के लिए एक स्थायी दृष्टिकोण अपनाने के महत्व पर जोर दिया। उन्होंने कहा, क्या आप अगले दो हफ्तों में वजन घटाने की शुरुआत करने के लिए तैयार हैं? असली और स्थायी बदलाव के लिए इन 5 प्रमुख आदतों को अपनाएं, जो प्रगति के लिए एक शक्तिशाली आधार बनाती हैं। मैडी की ये आदतें न केवल वजन घटाने में मदद करेंगी, बल्कि एक स्वस्थ जीवनशैली को भी बढ़ावा देंगी।

प्रोसेस्ड फूड कम करें और प्रोटीन को प्राथमिकता दें: प्रोसेस्ड स्नैक्स की जगह प्रोटीन युक्त भोजन जैसे चिकन, मछली, बीन्स और अंडे लें। इससे पेट भरा रहेगा, भूख कम लगेगी और मांसपेशियों को सहारा मिलेगा। उच्च प्रोटीन वाला भोजन शरीर को लंबे समय तक तृप्त रखने में मदद करता है।

सप्ताह में 2-3 बार वेटलिफ्टिंग करें: वेटलिफ्टिंग से मेटाबॉलिज्म बढ़ता है और शरीर की संरचना में सुधार होता है। मांसपेशियों का निर्माण करने और मजबूत बने रहने के लिए शक्ति प्रशिक्षण आवश्यक है, खासकर वजन घटाने के दौरान।

आराम के दिनों में सक्रिय रिकवरी: चलने या योग जैसी हल्की गतिविधियाँ मांसपेशियों की रिकवरी में मदद करती हैं और आपको सक्रिय रखती हैं। आराम करना भी वर्कआउट जितना ही महत्वपूर्ण है।

अच्छी नींद को प्राथमिकता दें: रात में 7-9 घंटे की नींद लेने से भूख हार्मोन नियंत्रित होते हैं और तनाव कम होता है, जो वजन प्रबंधन के लिए महत्वपूर्ण है। अच्छी नींद की दिनचर्या कोर्टिसोल के स्तर को नियंत्रित करने में मदद करती है।

तरल कैलोरी का ध्यान रखें: मीठे पेय पदार्थों की जगह पानी, बिना चीनी वाली चाय और ब्लैक कॉफी पिएं। इससे कैलोरी सेवन में कमी आएगी और वजन घटाने में मदद मिलेगी। साथ ही, शराब का सेवन भी कम करना आवश्यक है।

जलन-एसिडिटी को दूर करता है सौंफ

गर्मियों में पेट से जुड़ी समस्याएं काफी परेशान करती हैं। जरा सा तेल मसालेदार खाना खाने से ही जलन, गैस और एसिडिटी होने लगती है। ऐसा लगता है कि खाने में सिर्फ ठंडी चीजों को ही शामिल करें। खाने के बाद जिनको ज्यादा ब्लोटिंग होती है उन्हें डाइट में कुछ घरेलू चीजों को शामिल करना चाहिए, जिससे गैस एसिडिटी कम हो। रसोई में रखी ऐसी कई चीजें हैं जिन्हें खाने से पेट की जलन और गैस एसिडिटी को कम किया जा सकता है। इसके लिए सौंफ बेहतरीन मसाला है। सौंफ खाने से पेट ठंडा रहता है। गर्मियों में खाने के बाद 1 चम्मच सौंफ खाने से डाइजेशन से जुड़ी समस्याएं नहीं होती हैं। जानिए कब और कैसे करें सौंफ का इस्तेमाल?

पेट की जलन दूर कर देगा ये मसाला - गर्मियों में सौंफ का सेवन जरूर करना चाहिए। सौंफ की तासीर ठंडी होती है। गर्मियों में कई ड्रिंक्स और दूसरी डिश में सौंफ का उपयोग किया जाता है। आप सुबह खाली पेट सौंफ का पानी पी सकते हैं। इससे पेट को ठंडक मिलेगी और जलन कम होगी। गैस एसिडिटी को भी सौंफ खाकर दूर किया जा सकता है।

कैसे करें सौंफ का सेवन - सौंफ को खाने के बाद ऐसे ही चबाकर खा सकते हैं। सौंफ और मिश्री मिलाकर भी खा सकते हैं। सौंफ को पीसकर पाउडर बना लें। पानी के साथ 1 चम्मच सौंफ का पाउडर खा लें। आप चाहें तो सौंफ का पानी भी पी सकते हैं। एसिडिटी बहुत ज्यादा बनने वालों को सुबह खाली पेट कुछ दिनों सौंफ का पानी पीना चाहिए।

सौंफ के फायदे - सौंफ का सेवन करने से पाचन मजबूत होता है। सौंफ में फाइबर भरपूर होता है जिससे डाइजेशन में मदद मिलती है।

सौंफ लिवर के लिए भी अच्छी मानी जाती है। सौंफ का सेवन करने से लिवर डिटॉक्स होता है। इससे शरीर में जमा गंदगी साफ हो जाती है।

सौंफ खाने से मेटाबॉलिज्म तेज होता है। इससे वजन घटाने में भी मदद मिलती है। शरीर पर जमा फैट कम होने लगता है। पुरानी कब्ज की समस्या को दूर करने के लिए सौंफ का इस्तेमाल फायदेमंद साबित होता है। कब्ज से परेशान लोगों को सौंफ जरूर खानी चाहिए।

ब्लड प्रेशर को ठीक रखने में भी सौंफ मदद करती है। इससे बीपी कंट्रोल होगा और दिमाग भी शांत होगा। सौंफ का सेवन फीड कराने वाली महिलाओं के लिए फायदेमंद माना जाता है। इससे स्ट्रेस लेवल भी कम होता है।

चाशनी में लिपटी मीठी-मीठी जलेबी, ये वो 'उलझन', जो समस्याएं सुलझाती है

रसमलाई, खीर कदम हो या गुलाब जामुन...जब तक मिठाई की पिटारी में 'रस कुंडलिका', 'वल्लीका' न रखी जाए, ये अधूरी मानी जाती है। जी हां! हम बात कर रहे हैं जलेबी की। अतरंगी और चाशनी में लिपटी जलेबी न केवल दिखने में खूबसूरत और जिह्वा को सुकून देने वाली बल्कि स्वास्थ्य के लिहाज से भी उत्तम मानी जाती है।

आयुर्वेद में इसे दवाई की तरह देखा जाता है, तो धर्म-कर्म में भी इसे महत्वपूर्ण दर्जा प्राप्त है। आयुर्वेद में जलेबी के महत्व को जानने से पहले आइए हिंदू धर्म में इसके महत्व के बारे में जानते हैं।

काशी के ज्योतिषाचार्य पं. रत्नेश त्रिपाठी बताते हैं, ऊग्रह शांति या ईश्वर के भोग में भी जलेबी का खासा महत्व है। नवरात्रि में कन्या पूजन में दही-जलेबी का भोग लगाया जाता है। भगवती को जलेबी अति प्रिय है। आदि गुरु शंकराचार्य ने देवी पूजा पद्धति में भगवती को पुआ, जलेबी भोग लगाने का उल्लेख किया है। माना जाता है कि भगवती को जलेबी भोग लगाने से वह प्रसन्न होती हैं और सुख-शांति का आशीर्वाद देती हैं। हमारे प्राचीन ग्रंथ में जलेबी बनाने की विधि संस्कृत भाषा में लिखी है। पुराणों में भी रस कुंडलिका नाम से जलेबी का उल्लेख मिलता है। भोज कुतुहल में इसे जल वल्लीका नाम दिया गया है। यही नहीं गुण्यगुणबोधिनी में भी जलेबी बनाने की विधि लिखी है।

ये तो हो गई धर्म की बात, अब जलेबी के आयुर्वेदिक महत्व पर बात करते हैं।

आयुर्वेद में जलेबी को सिर्फ मिठाई नहीं, दवाई भी माना जाता है। जलोदर (जलोदर ऐसी बीमारी है, जिसमें पेट में तरल पदार्थ जमा हो जाता है) नामक बीमारी का इलाज हो या मधुमेह को कंट्रोल करना हो, यहां तक कि कब्ज और सिर में उठने वाले तेज दर्द, माइग्रेन के इलाज के लिए भी जलेबी को रामबाण माना जाता है।

इस विषय में विस्तार से जानकारी देते हुए आयुर्वेद के डॉक्टर प्रमोद तिवारी ने बताया, ऊजलेबी ऐसी मिठाई है, जो स्वाद से भरपूर होती है और इसका सही तरीके से सेवन कई स्वास्थ्य लाभ देता है। पाचन संबंधित समस्याओं को खत्म करने के साथ ही यह वात और पित्त दोष को भी खत्म करता है। कब्ज की समस्या दूर होती है। इसके सेवन से कमजोरी भी दूर भागती है।

उन्होंने बताया, ऊआयुर्वेद में उल्लेख है कि माइग्रेन और सिर दर्द के लिए सूर्योदय से पहले दूध के साथ जलेबी खाने से आराम मिलता है। सबसे बड़ी बात यह है कि जलेबी कुंडली के आकार की होती है, जिसका संबंध आंतों से है। कब्ज का ये रामबाण इलाज है।

इसके अलावा, आयुर्वेदाचार्य शास्वत खत्री ने सोशल मीडिया पर पोस्ट शेयर कर बताया, ऊवात के साथ जुड़े दर्द को खत्म करने के लिए सूर्योदय से पहले बासी मुंह रबड़ी के साथ जलेबी खाना चाहिए। इससे सिर दर्द में राहत मिलती है।

वहीं, वैज्ञानिक रूप से माना जाता है कि मीठा खाने से डोपामाइन हार्मोन सक्रिय होती है, जिससे मन प्रसन्न होता है।

मध्यम वर्ग के इंसान हैं शाहरुख



शाहरुख खान बॉलीवुड के सबसे बड़े अभिनेताओं में से एक हैं। रोमांस के बादशाह दशकों से इंडस्ट्री पर राज कर रहे हैं। हर कोई उनकी दौलत के बारे में जानता है। हालांकि उनके करीबी लोगों को पता है कि वह दिल से मध्यम वर्गीय हैं। हाल ही में, रा वन के निर्देशक अनुभव सिन्हा ने बताया कि शाहरुख खान अपने परिवार को खुश देखकर खुश होते हैं। यह उनकी अब तक की सबसे मध्यम वर्गीय बात है।

मध्य वर्गीय हैं शाहरुख खान

शाहरुख खान भले ही दुनिया पर राज कर रहे हों लेकिन वह ऐसे व्यक्ति भी हैं जो अपने बच्चों के लिए खाना बनाना, उनके हाई-स्कूल ड्रामा सुनना और जब भी संभव हो अपने परिवार के साथ क्वालिटी टाइम बिताना पसंद करते हैं। फेय डिसूजा के साथ बातचीत करते हुए निर्देशक अनुभव सिन्हा ने कहा कि शाहरुख दिल से एक मध्यम वर्गीय हैं।

परिवार को देखकर खुश होते हैं शाहरुख अनुभव सिन्हा ने कहा कि उन्होंने शाहरुख को जब यह बताया कि वह मध्य वर्गीय हैं तो उन्होंने अजीबोगरीब हंसी के साथ इस पर सहमति जताई। अनुभव सिन्हा ने कहा कि खान के पास दुनिया का सारा पैसा है, लेकिन यह ऐसी चीज नहीं है जो उन्हें खुश करती है। अनुभव सिन्हा ने कहा क्या आपकी बहन की खुशी आपको खुश करती है? उन्होंने आगे कहा कि मध्यम वर्ग का यह सितारा अपनी बहन शहनाज और अपने बच्चों को मुस्कुराते हुए देखकर खुश होता है।

शाहरुख खान के बारे में जानना सौभाग्य की बात

निर्देशक के अनुसार जिस तरह से कुछ कुछ होता है का अभिनेता अपने परिवार की देखभाल करता है वह उसी तरह हैं। सिन्हा ने खान के बारे में में कहा, एक ऐसा व्यक्ति होना मुश्किल है जो सार्वभौमिक रूप से लोकप्रिय हो और जड़ और जमीन से जुड़ा हो। अपनी फिल्म रा वन के निर्माण के दौरान निर्देशक शाहरुख से कहते रहे कि फिल्म बनाने से ज्यादा उन्हें व्यक्तिगत रूप से जानना एक सौभाग्य की बात है।

कला, प्रसिद्धि और आत्म-अभिव्यक्ति पर कावेरी कपूर की राय

कावेरी कपूर भले ही जेनरेशन ज़ी से हों, लेकिन वह एक आम जेन ज़ी कलाकार नहीं हैं। फिल्म निर्देशक शेखर कपूर और गायिका-अभिनेत्री सुचित्रा कृष्णमूर्ति की बेटी कावेरी ने बॉबी और ऋषि की लव स्टोरी से हिंदी फिल्म इंडस्ट्री में कदम रखा है, लेकिन उन्होंने अपने समकालीनों से एक अलग राह चुनी है, जो उनके साथियों की तुलना में काफी अलग है। फिल्मों में आने से पहले ही कावेरी एक स्थापित संगीतकार और कवित्री थीं। उनके चार म्यूज़िक वीडियो पहले से ही रिलीज़ हो चुके थे! अपने पिता की तरह गहराई से सोचने वाली कावेरी को अपने प्रतिभाशाली माता-पिता से भरपूर प्रेरणा मिलती है, और यही बात उन्हें एक ओल्ड सोल बनाती है, जैसा कि वह खुद कहती हैं। एक मशहूर उपनाम और डेब्यू के बाद बढ़ती फैन-फॉलोइंग के बावजूद कावेरी बेहद ज़मीन से जुड़ी हुई नज़र आती हैं।

उनकी बातचीत अक्सर उनके संगीत और कविताओं के ज़रिए खुद को अभिव्यक्त करने के तरीके पर केंद्रित होती है वह एक कलाकार की तरह बात करती हैं, न कि किसी सेलिब्रिटी की तरह। जब उनसे उनकी प्रसिद्धि के बारे में पूछा गया, तो उन्होंने कहा, मैं चाहती हूं कि जब लोग मेरा संगीत सुनें या मेरी कविताएं पढ़ें, तो उन्हें कुछ सच्चा महसूस हो। मैं चाहती हूं कि वे उस किरदार से जुड़ सकें जिसे मैं निभा रही हूं। मैं चाहती हूं कि मेरे प्रोजेक्ट्स देखने वाले लोग मुझसे एक असली रिश्ता बना पाएं। यही वह प्रसिद्धि है जिसके लिए मैं जानी जाना चाहती हूं।

अपने साथियों से अलग, कावेरी का आत्म-अभिव्यक्ति का तरीका बेहद सादा है। अपनी एक अलग राह बनाना, अपनी प्रतिभा से, न कि हर रोज़ बदलते ट्रेंड्स की भीड़ का हिस्सा बनकर। कावेरी कहती हैं, मुझे लगता है कि खुद को नेचुरल बनाए रहना सबसे विद्रोही काम है जो आप अभी कर सकते हैं,

उन्होंने कई बार ओसीडी के साथ अपने संघर्षों के बारे में भी खुलकर बात की है।

और चूंकि जेन ज़ी के लिए आज सबसे अहम बात है किसी से जुड़ाव और अपनापन महसूस करना, ऐसे में कावेरी की सलाह को परिपक्व कहा जा सकता है। एक ऐसी दुनिया में जहाँ लोग शॉर्टकट लेकर जल्द से जल्द फल पाने की होड़ में लगे हैं, कावेरी कपूर की योजना है कुछ सच्चा बनाना — धीरे, स्थिरता से, लेकिन लंबे समय तक टिकने वाला।

सामंथा और राज लिव-इन में रहने का बना रहे प्लान? एक घर में होंगे शिफ्ट!

सामंथा रुथ प्रभु और राज निदिमोरू अपने रिलेशनशिप की अफवाहों के कारण चर्चा में हैं। डायरेक्टर-एक्ट्रेस की जोड़ी ने द फैमिली मैन सीजन 2 और सिटाडेल हनी बनी जैसी वेब सीरीज में साथ काम किया है। हाल ही में ऐसी खबरें आई थीं कि सामंथा और राज एक साथ रहने लगे हैं और वे एक घर की तलाश कर रहे हैं। हालांकि, यह खबर झूठी निकली। हिंदुस्तान टाइम्स के मुताबिक, सामंथा के मैनेजर ने इसे अफवाह बताया। इससे पहले एक सूत्र ने पिंकविला को बताया था, सामंथा रुथ प्रभु और राज एक साथ रहने पर विचार कर रहे हैं और प्रॉपर्टी की तलाश कर रहे हैं। उनका इरादा साथ रहने का है और वे इस दिशा में काम कर रहे हैं। राज ने 2022 में श्यामाली से आधिकारिक रूप से तलाक ले लिया और सिटाडेल के लिए साथ में काम करने के बाद उन्हें सामंथा में प्यार मिल गया।

राज की नहीं है कोई बेटी!

सूत्र ने कहा, इस बीच राज को उनकी बेटी के साथ देखे जाने की खबरें झूठी हैं। उनकी कोई बेटी नहीं है और जिस बच्ची के साथ उन्हें देखा गया, वह उनके को-डायरेक्टर कृष्णा डीके की बेटी है।

सामंथा शेयर करती हैं राज संग फोटोज

सामंथा इंस्टाग्राम पर तस्वीरें पोस्ट करती रही हैं, जिसमें वह राज के साथ समय बिताती नजर आती हैं। हालांकि दोनों ने अपने रिश्ते के बारे में कुछ नहीं कहा है, लेकिन फैंस कह रहे हैं कि एक्ट्रेस के सोशल मीडिया पोस्ट से यह पुष्टि होती है कि वे डेटिंग कर रहे हैं।

सामंथा की तरफ से राज के साथ तस्वीरें पोस्ट करने के बाद फिल्म निर्माता की पत्नी श्यामाली डे ने अपनी इंस्टाग्राम स्टोरी पर एक क्रिप्टिक पोस्ट शेयर किया था। इसमें लिखा था, मैं उन सभी को आशीर्वाद और प्यार भेजती हूं, जो मेरे बारे में सोचते हैं, मुझे देखते हैं, मुझे सुनते हैं, मेरे बारे में सुनते हैं, मुझसे बात करते हैं, मेरे बारे में पढ़ते हैं, मेरे बारे में लिखते हैं और आज मुझसे मिलते हैं। रिपोर्ट में बताया गया है कि राज और श्यामाली का तलाक 2022 में गया। हालांकि, वैलेंटाइन डे 2023 पर श्यामाली ने अपने पति के लिए एक रोमांटिक पोस्ट शेयर किया था।

पलक तिवारी ने कथित बॉयफ्रेंड इब्राहिम का किया सपोर्ट

अभिनेत्री पलक तिवारी अपने कथित बॉयफ्रेंड इब्राहिम अली खान के समर्थन में सामने आई हैं। हाल ही में पाकिस्तानी आलोचक ने इब्राहिम की पहली फिल्म नादानियां का मजाक उड़ाया था। आलोचक ने उनके लुक, खास तौर पर उनकी नाक पर टिप्पणी की थी। आलोचक की आलोचना करते हुए पलक ने बॉडी शेमिंग पर बात की। उन्होंने बाताया कि कैसे सेलेब्स से नफरत करना बाजार में नया चलन बन गया है।

सेलिब्रिटी से नफरत एक चलन

पलक तिवारी ने नयनदीप रक्षित के पॉडकास्ट में बातचीत के दौरान कहा अगर कोई एक चीज है जो सेलिब्रिटी से ज्यादा बिकती है, तो वह है सेलिब्रिटी को कोसना। हम ऐसे समय में हैं जहां आम तौर पर स्टार्स के प्रति नफरत है।

पलक तिवारी ने पूछा सवाल

पलक ने आगे कहा आप सबसे पहले हमारी खूबसूरती पर ध्यान देते हैं। फिर जब कोई व्यक्ति अपने सौंदर्य के साथ कुछ करता है और उसे बदलवाता है, तो आप कहते हैं, आप ऐसा क्यों करेंगे? पहले आप किसी व्यक्ति को उसके रूप-रंग के लिए शर्मिंदा करते हैं। फिर जब वह अपनी असुरक्षा और अपने आस-पास की नफरत के कारण इसे ठीक करने की कोशिश करता है तो आप उसे क्यों कोसते हैं?

पलक ने कहा यह किसी व्यक्ति के लिए सबसे असंतोषजनक स्थिति हो सकती है। यह एक चक्र है। वे मूल रूप से केवल आपकी आलोचना करना चाहते हैं। यह आपकी नाक, आपके बाल, आपके शरीर का वजन, आपका प्रदर्शन कुछ भी हो सकता है। अगर इनमें से आपका कुछ भी खराब नहीं है तो आप बहुत भाग्यशाली व्यक्ति हैं।

इब्राहिम की नाक का मजाक

आपको बता दें कि इब्राहिम अली खान की फिल्म नादानियां 7 मार्च को रिलीज हुई थी। पहली फिल्म में उनके प्रदर्शन के लिए उन्हें बुरी तरह से ट्रोल किया गया था। तब तमूर इकबाल नाम के एक पाकिस्तानी फिल्म समीक्षक ने अपने सोशल मीडिया पर स्टार किड और उनकी बड़ी नाक का मजाक उड़ाया था।

लस्ट स्टोरी 3 में दिखाई देंगे राधिका और कोंकणा सेन

ल स्ट स्टोरी ओटीटी प्लेटफॉर्म नेटफ्लिक्स की सबसे चर्चित और लोकप्रिय वेब सीरीज में से एक हैं। अब तक इसके 2 सीजन रिलीज हो चुके हैं, जिन्हें दर्शकों का काफी प्यार मिला। लस्ट स्टोरी के तीसरे सीजन का ऐलान पहले ही हो चुका है। खबर यह है कि लस्ट स्टोरी 3 के लिए राधिका आप्टे और कोंकणा सेन शर्मा ने पहली बार हाथ मिलाया है। रिपोर्ट्स के अनुसार... सीरीज के एक पार्ट में राधिका और कोंकणा नजर आएंगी। इस पार्ट का निर्देशन विक्रमादित्य मोटवानी करने वाले हैं। सीरीज की कहानी तैयार हो चुकी है और इसकी शूटिंग जल्द ही शुरू होगी। इसमें अभिषेक बनर्जी भी नजर आएंगे। बता दें कि राधिका पहले ही लस्ट स्टोरी के एक पार्ट में नजर आ चुकी हैं, वहीं लस्ट स्टोरी 2 के एक पार्ट का निर्देशन कोंकणा ने किया था। लस्ट स्टोरी को 15 जून 2018 को रिलीज किया गया था।

एक्ट्रेस से निर्माता बनीं ये अभिनेत्रियां

बॉलीवुड और साउथ सिनेमा में कई अभिनेत्रियों ने न सिर्फ अपनी एक्टिंग से दर्शकों का दिल जीता, बल्कि निर्माता बनकर भी इंडस्ट्री में नया मुकाम हासिल किया। आइए, ऐसी ही कुछ टैलेंटेड अभिनेत्रियों के बारे में जानते हैं, जिन्होंने प्रोडक्शन के क्षेत्र में कदम रखा।

आलिया भट्ट

आलिया ने फिल्म स्टूडेंट ऑफ द ईयर से अपने करियर की शुरुआत की थी। इसके बाद आलिया ने कई सफल फिल्में दीं, जिनमें उरी द सर्जिकल स्ट्राइक, आरआरआर, गंगूबाई काठियावाड़ी जैसी कई फिल्में शामिल हैं। अभिनय के कुछ समय बाद आलिया ने फिल्म डार्लिंग्स के साथ बतौर निर्माता अपनी नई पारी की शुरूआत की। इस फिल्म में उनकी एक्टिंग और प्रोडक्शन दोनों को खूब सराहा गया।

नयनतारा

साउथ सिनेमा की लेडी सुपरस्टार नयनतारा ने अपनी दमदार एक्टिंग के साथ-साथ प्रोडक्शन में भी हाथ आजमाया। हाल ही में नयनतारा ने बतौर निर्माता फिल्म लव इंश्योरेंस कंपनी की घोषणा इंस्टाग्राम पर एक पोस्ट के जरिए दी थी। नयनतारा ने अपने इंस्टाग्राम पर फिल्म लव इंश्योरेंस कंपनी को लेकर एक पोस्ट शेयर किया और कैप्शन में लिखा, आओ प्यार में पड़ें, इस त्यौहार के मौसम में... प्यार के त्यौहार। इस फिल्म में प्रदीप रंगनाथन, एसजे सूर्या और कृति शेट्टी महत्वपूर्ण भूमिका में नजर आएंगे। इस फिल्म का निर्माण नयनतारा ने किया है।

अनुष्का शर्मा

रब ने बना दी जोड़ी फिल्म से अपने करियर की शुरुआत करने वाली अनुष्का शर्मा ने बैंड बाजा बारात, पीके, संजू, सुल्तान और ऐ दिल है मुश्किल जैसी कई सफल फिल्मों में अभिनय किया। इसके बाद अनुष्का ने बुलबुल जैसी शानदार फिल्म बनाकर प्रोडक्शन में अपनी खास जगह बनाई। हालांकि, यह फिल्म उतनी नहीं चली।

करीना कपूर खान

करीना ने फिल्म रिफ्यूजी से एक्टिंग की दुनिया में कदम रखा। इसके बाद करीना ने क्रू, सिंघम अगेन, गोलमाल और भी कई बेहतरीन फिल्मों में अपने दमदार अभिनय से दर्शकों का दिल जीता। एक्टिंग के साथ-साथ करीना ने फिल्म द बकिंघम मर्डर्स के साथ प्रोडक्शन में कदम रखा। इस थ्रिलर फिल्म में उनकी एक्टिंग और प्रोडक्शन की समझ को दर्शकों ने खूब पसंद किया।

सांसद ने नई आरडब्ल्यूए टीम को दी बधाई

नोएडा (चेतना मंच)। गौतमबुद्धनगर लोकसभा क्षेत्र से सांसद डॉ. महेश शर्मा द्वारा उद्योग विहार सेक्टर-82 की आरडब्ल्यूए की नवनिर्वाचित टीम को बधाई दी गई।

इस अवसर पर सांसद डॉ. महेश शर्मा ने टीम की जीत की खुशी में पूरी टीम को मिठाई खिलाकर खुशी जाहिर करते हुए आश्वासन दिया कि यदि नोएडा अथॉरिटी के द्वारा उद्योग विहार में कोई कार्य करना हो तो वह सदैव तत्पर रहेंगे। उन्होंने अध्यक्ष मयंक चौहान को उनके उज्ज्वल भविष्य और जीवन पथ पर निरंतर सफलता की शुभकामनाएं दीं।

टीम के महासचिव रंजन कुमार कोषाध्यक्ष पंकज त्रिपाठी और उपाध्यक्ष रणजीत कुमार मिश्रा सचिव राकेश सिंह अन्य सदस्यों में उमा रानी, प्रेमवती, एमपी विश्वकर्मा, राघवेंद्र पाठक, शिव सिंह पुंडीर, हरि कृष्ण, रामनरेश यादव, मुनेश कुमार, समस्त टीम के साथ बीरेंद्र नाथ पांडे और महेंद्र कुमार मौजूद रहे।

आनंद विहार नमो भारत स्टेशन पर सजेगी सुरों की महफ़िल

सीज़न 2 का पहला शुक्रवार रहेगा देश और देशभक्तों के नाम

गाजियाबाद/ नई दिल्ली। एनसीआरटीसी एक बार फिर से नमो भारत अनप्लग्ड्म्युज़िकल फ्राइडे के साथ सुरों की महफ़िल सजाने के लिए तैयार है। यात्रियों के पहला शुक्रवार देश, देशभक्ति और भारतीय सेना के वीर जवानों के अदम्य साहस उपस्थित श्रोता भी इस सुर संध्या में भाग ले सकेंगे। के बीच बेहद लोकप्रिय रहा था। चार महीने तक चले इस संस्करण के दौरान संगीतमय शामों का सफलतापूर्वक आयोजन किया गया।

इस पसंदीदा कार्यक्रम के सीज़न 2 का आयोजन इस बार आनंद विहार नमो भारत स्टेशन पर किया जा रहा है। अब नमो भारत के यात्री और अन्य संगीत प्रेमी हर शुक्रवार शाम 6 बजे स्टेशन के कॉनकोर्स लेवल पर एक बार फिर से उभरते हुए कलाकारों द्वारा लाइव संगीत प्रस्तुतियों का आनंद ले सकेंगे।

नमो भारत अनप्लग्ड : लाइव म्यूजिकल फ्राइडे के इस नए संस्करण में श्रोताओं को भी इस संगीतमय शाम में भागीदारी करने का मौका मिल सके, इसके लिए एनसीआरटीसी एक नए सेगमेंट, 'ऑन-द-स्पॉट अंताक्षरी' की भी शुरुआत कर रहा है। इसमें वहाँ एवं वीरता के नाम रहेगा।

म्युज़िकल फ्राइडे स्कूल, कॉलेजों और एनसीआर के अन्य उभरते संगीत बैंड्स या एकल कलाकारों को अपनी प्रतिभा प्रदर्शित करने का एक मंच प्रदान करता है।

पिछले वर्ष गाज़ियाबाद नमो भारत स्टेशन पर आयोजित 'नमो भारत अनप्लग्ड : लाइव म्यूजिकल फ्राइडे सीजन-1' यात्रियों

स्कूल, कॉलेजों और एनसीआर के अन्य उभरते संगीत बैंड या एकल कलाकार 'नमो भारत अनप्लग्ड : लाइव म्यूजिकल फ्राइडे - सीजन 2' में भाग लेने के लिए इस लिंक पर दिए फार्म को भरकर https://t.co/fxwoOeNbPf अपना पंजीकरण कर सकते हैं।

सेना के सम्मान में तिरंगा यात्रा, झूमा छलेरा व सदरपुर

नोएडा (चेतना मंच)। 'ऑपरेशन सिंदूर' में सेना के पराक्रम के उपलक्ष्य में भाजपा नोएडा महानगर जिला अध्यक्ष महेश चौहान के नेतृत्व में सैनिक विहार मंडल में छलेरा और सदरपुर में तिरंगा यात्रा आयोजित की गई।

तिरंगा यात्रा में देश भक्ति के गानों ने पूरे क्षेत्र को देश प्रेम के रंग में रंग दिया। छलेरा और सदरपुर का जन जन तिरंगा यात्रा में सम्मिलित हुआ। पूरा क्षेत्र भारत माता की जय और वंदे मातरम के नारों से गुंजायमान हो उठा। ऑपरेशन सिंदूर के माध्यम से राष्ट्र के दुश्मनों को सेना द्वारा दिए गए करारे जवाब से जनमानस बहुत उत्साहित है और आश्वस्त भी है कि थल, नभ और जल तीनों ही जगह से भारत की सुरक्षा और संप्रभुता अखंड है।

तिरंगा यात्रा में प्रदीप चौहान, भूपेश चौधरी देवेंद्र सिंह भदौरिया, कुलदीप चौहान, अशोक मिश्रा, अतुल त्यागी, आकाश चौहान, नीरज चौहान इत्यादि कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

सेक्टर-19 से सेक्टर-57-65 तक 10 मिनट में करें यात्रा

एलीवेटिड रोड की फिजिबिलिटी रिपोर्ट आईआईटी रूड़की भेजी

नोएडा (चेतना मंच)। अब दिल्ली से सेक्टर-16 होकर सेक्टर-57, 58, 59, 65 तथा मामूरा तक का सफर अब सिर्फ 10 मिनट में कर सकेंगे। पहले इतनी दूर की यात्रा में कम से कम 30-40 मिनट लगते थे। यदि जाम लग गया तो घंटों भी लग जाते हैं।

जी हां, अब रजनीगंधा के पास से यानी सेक्टर-19 से सेक्टर-65 एवं मामूरा तक सीधे एलीवेटिड रोड से फर्राटा भरते हुए 10 मिनट में गंतव्य पहुंच सकेंगे। करीब 400 करोड़ रूपये की लागत से यह एलीवेटिड रोड तैयार होगी। इसकी फिजिबिलटी रिपोर्ट आईआईटी रूड़की में अध्ययन के लिए भेज दी गई है।

बता दें कि पहले यह एलीवेटिड रोड डीएनडी से शुरू होने वाली थी, लेकिन निर्माण करने वाली कंपनी ने अपनी फिजिबिलटी रिपोर्ट में इसे डीएनडी के बजाय सेक्टर-19 रजनीगंधा के पास से लेकर सेक्टर-66 तक कर दिया है- कंपनी का कहना है कि मेट्रो रेल लाइन के ऊपर से एलीवेटिड रोड बनाना संभव नहीं है। इससे स्ट्रक्चर बनाने में दिक्कत आएगी। इसलिए इसको डीएनडी के बजाय सेक्टर-19 से शुरू किया जाना चाहिए।

मालूम हो कि इस योजना का शिलान्यास वर्ष-2015 में किया गया था। इसमें पहले डीएनडी से लेकर सेक्टर-57 तक एलीवेटिड रोड बनाने की योजना थी। इस एलीवेटिड रोड के बनने से दिल्ली से आकर सेक्टर 12-22, 56, 57, 58, 59 तथा 65 बिना किसी जाम व लालबत्ती के मात्र 10 मिनट में पहुंचा जा सकता है। इस एलीवेटिड रोड के बनने से लाखों वाहन चालकों को काफी सहूलियत हो जाएगी।

एमएसएमई एसो. ने एडीशनल कमिश्नर का किया अभिनंदन

नोएडा (चेतना मंच)। औद्योगिक संगठन एमएसएमई इंडस्ट्रियल एसोसिएशन नोएडा का

प्रतिनिधि मण्डल राज्य वस्तु एवं सेवा कर विभाग के नौएडा जोन के एडीशनल कमिश्नर पद का कार्यभार ग्रहण करने पर उनका अभिनंदन करने सेक्टर 148 स्थित कार्यालय पहुंचे।

संस्था एमएसएमई इण्डस्ट्रीरियल एसोसिएशन (रजि0), नौएडा जिला गौतमबुद्ध नगर की ओर से अध्यक्ष सुरेंद्र सिंह नाहटा,महामंत्री शिव कुमार राणा,उपाध्यक्ष मेहंदी हसन नकवी,उपाध्यक्ष दिलशाद अहमद,सचिव सुबोध कुमार,दिलीप मिश्रा आदि पहुंचे और उनको निम्न समस्याओं से अवगत करवाया !

प्रतिनिधिमंडल ने बताया कि नौएडा में पंजीयन के लिए आवेदन करने के पश्चात कोई न कोई आब्जैकशन लगाकर संबंधित व्यक्ति को कार्यालय में बुलाने का प्रयास किया जाता है जिससे एक ओर व्यापार शुरु करने के लिए लिये जा रहे पंजीयन में विलम्ब होता है तथा इसके साथ-2 भ्रष्टाचार को भी बढ़ाया मिलता है।

अधिकांश कार्यालयों में अधिकारी समय से कार्यालयों में नही पहुंच रहें हैं तथा काफी विलम्ब से आते है। इसके अतिरिक्त पहुंचने के पश्चात भी अधिकांश अधिकारी अपनी-2 सीटों पर नहीं मिलते है। एमएसएमई एसो. के प्रतिनिधिमंडल ने लगभग 1 दर्जन समस्याओं से एडिशनल कमिश्नर को अवगत कराया।

प्राधिकरण की एनओसी के बिना चल रहे हैं शराब के ठेके!

डेढ़ दर्जन स्थानों पर कंटेनर में ठेके, आबकारी विभाग नहीं कर रहा कार्रवाई

नोएडा (चेतना मंच)। राजस्व कमाने के चक्कर में आबकारी विभाग नोएडा व ग्रेटर नोएडा प्राधिकरण के नियमों की भी धज्जियां उड़ा रहा है। प्राधिकरण की एनओसी के बिना सड़क के किनारे टीन के कंटेनर तथा अवैध भूमि पर टीन के कमरे बनाकर ठेके खोल दिये गये हैं। जबकि कई स्थानों पर प्राधिकरण तथा कब्जाधारी के बीच विवादित मामला अदालतों में विचाराधीन हैं। लेकिन सांठगांठ से वहां भी शराब के ठेके खोल दिए गए हैं।

जनपद के सेक्टर डेल्टा-1 ओमीक्रॉन, नोएडा सेक्टर-5 हरौला आदि करीब डेढ़ दर्जन स्थानों पर कंटेनर बनाकर अंग्रेजी तथा बीयर के ठेके खोल दिए गए हैं। मजे की बात तो यह है कि एनओसी के बिना चल रहे ठेकों पर प्राधिकरण भी कोई कार्रवाई नहीं कर रहा है।

कुछ स्थानों पर नोएडा प्राधिकरण ने अवैध कब्जा बताकर बाकायदा ध्वस्तीकरण के नोटिस भी चस्पा कर दिऐ लेकिन फिर भी आबकारी

विभाग अनुज्ञापियों को न तो नोटिस दे रहा है और न कोई कार्रवाई। सूत्र बताते हैं कि इस खेल में आबकारी विभाग, प्राधिकरण व पुलिस के कुछ कर्मचारी शामिल हैं। तीनों विभाग कानों में तेल डाले बैठे हैं।

इस बाबत जिला आबकारी अधिकारी सुबोध कुमार श्रीवास्तव का कहना है कि आबकारी नीति के तहत यदि स्थाई दुकान नहीं मिलती है तो प्रीफैब्रिकेटिड स्ट्रक्चर में दुकान शुरू की जा सकती है। जहां पर अनुज्ञापियों को दुकानें नहीं मिली हैं। वहां कंटेनर में ठेके चल रहे हैं। लाइसेंसधारक को प्राधिकरण से अनुमति लेनी होगी। यदि एनओसी नहीं दी तो वहां से ठेके को शिफ्ट करना पड़ेगा।

प्राधिकरण ने जब्त की 1200 किलो प्लास्टिक

ओएसडी इंदु प्रकाश के नेतृत्व में सेक्टर-10 व सेक्टर-5 में चलाया अभियान

नोएडा (चेतना मंच)। नोएडा प्राधिकरण के जनस्वास्थ्य विभाग ने ओएसडी इंदु प्रकाश के नेतृत्व में हरौला तथा सेक्टर-10 में 4 दुकानों का निरीक्षण कर 1200 किलोग्राम सिंगल यूज प्लास्टिक जब्त किया।

इस दौरान टीम ने सेक्टर-10 स्थित विष्णु प्लास्टिक से 500 किलो तथा एक अन्य दुकानदार से 100 किलो तथा हरौला सेक्टर-5 स्थित जैन प्लास्टिक के

यहां से 600 किलोग्राम सिंगल यूज प्लास्टिक जब्त किया। इस दौरान इंदु प्रकाश के साथ खंड-1 के वरिष्ठ प्रबंधक निरीक्षक संजीव कुमार आदि लोग शामिल थे।

बता दें कि जनस्वास्थ्य विभाग इंदु प्रकाश के नेतृत्व में शहर में सिंगल यूज प्लास्टिक के खिलाफ कड़ा अभियान छेड़ रखा है। कल भी 500 किलो प्लास्टिक जब्त की गई।